




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 225 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 16 मई 2024 डाक 17 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**

मुंबई में लोकसभा चुनाव के लिए रोड शो के दौरान आरपीआई नेता रामदास अठावले और केंद्रीय मंत्री और उत्तरी मुंबई सीट से भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल



**देश-विदेश**

वाराणसी से नहीं कर पाया नामांकन तो खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



**फीचर पेज**

गुस्से से अपनी ही हालत बिगाड़ लेते हैं आप यकीन न हो तो खुद पढ़ लीजिए यह स्टडी



## मायावती का हमला: गरीबों को थोड़ा राशन देकर भाजपा के लोग चुनावी लाभ लेने पर तुले



**लखनऊ, 16 मई [एजेंसी]।**

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने लिखा कि भाजपा महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही है। राशन से बदले वोट गरीबों के साथ मजाक है। भाजपा गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में विफल साबित हो रही है। मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एंड कंपनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है। लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है। अतः इसके बदले वोट माँगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय। यह बात मैं हर जनसभा में कहती हूँ फिर भी भाजपा द्वारा प्रचारित ऐसे फेक वीडियो पर लोग ध्यान न दें।

## बीजेपी की जीत हुई तो योगी को सीएम पद से हटा दिया जाएगा: अरविंद केजरीवाल

**लखनऊ, 16 मई [एजेंसी]।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लखनऊ में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी पर जमकर हमला बोला। केजरीवाल ने दावा किया किअिगर बीजेपी की जीत होगी तो योगी आदित्यनाथ को सीएम पद से हटा दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज लखनऊ में मैं उत्तर प्रदेश के मतदाताओं से इंडिया गठबंधन को वोट करने के लिए अपील करने आया हूं। मैं 4 बातें रखना चाहता हूं- 1. इस चुनाव में PM मोदी अपने लिए नहीं अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं। 2. अगर ये लोग जीत गए तो योगी आदित्यनाथ को 2-3 महीने में सीएम पद



से हटा दिया जाएगा। 3. अगर ये जीत गए तो इनकी पूरी तैयारी है कि ये संविधान बदलकर SC,ST, OBC का आरक्षण खत्म कर देंगे। 4. देश भर से जो आंकड़े आ रहे हैं वह दिखा रहे हैं कि 4 जून को INDIA गठबंधन की सरकार बनने वाली है।

केजरीवाल ने कहा, जब मैंने कहा था कि सीएम योगी को हटा दिया जाएगा, इस पर किसी भाजपा नेता की टिप्पणी नहीं आई... उनका हटना अब लगभग तय है। केजरीवाल ने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा नहीं कहा है कि वे 75 साल की उम्र में इस्तीफा नहीं देंगे। पीएम मोदी का ये नियम उन्हीं के द्वारा बनाया गया है और मुझे उम्मीद है कि वे अपने नियम को फॉलो करेंगे, नहीं तो लोग कहेंगे कि पीएम मोदी ने ये नियम लालकृष्ण आडवाणी को हटाने के लिए बनाया था।

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम सुरक्षाबलों ने ढेर किए दो आतंकवादी



**श्रीनगर, 16 मई [एजेंसी]।**

आज सुबह उत्तरी कश्मीर में जिला कुपवाड़ा में भारतीय सेना ने घुसपैठ की वारदात को विफल कर दिया। टंगडार सेक्टर में नियंत्रण रेखा सी पर सेना ने घुसपैठियों को सीमा फांदते हुए देखा। जिसके बाद सेना ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसमें सेना के जवानों ने दो घुसपैठियों को मार गिराया। बीती पांच मई को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायु सेना के एक काफिले पर आतंकियों ने हमला किया। जिसमें एक जवान की मौत हो गई थी और चार सेना के जवान घायल हो गए थे। इसके बाद से ही भारतीय सेना जम्मू समेत घाटी के कई इलाकों में सतर्क हो गई। जिसके बाद तभी से सर्च अभियान जारी है। वहीं 20 तारीख को बारामूला सीट पर चुनाव होने हैं। ऐसे में घुसपैठ की वारदात बढ़ने लगी हैं। जिसे सेना विफल करने में जुटी है

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर हमले की पीएम मोदी ने की कड़ी निंदा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को स्लोवाकिया के अपने समकक्ष रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी की निंदा की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मोदी ने कहा कि इस घड़ी में भारत स्लोवाकिया के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। स्लोवाकिया के अधिकारियों ने बताया कि हैंडलोवा शहर में एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर लोगों का अभिवादन कर रहे प्रधानमंत्री फिको पर कई गोलियां चलाई गईं। फिको (59) इस समय अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी की खबर से गहरा सदमा लगा है। मैं इस कायरतापूर्ण और नृशंस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं और प्रधानमंत्री फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत स्लोवाकिया के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।''

## बाल्टीमोर ब्रिज हादसे के 50 दिन बाद भी शिप पर फंसे हैं 20 भारतीय

**बाल्टीमोर, 16 मई [एजेंसी]।**



अमेरिका के बाल्टीमोर में इसी साल 26 मार्च को एक पुल हादसा हुआ था। इस हादसे के बाद अभी भी जहाज के चालक दल वहीं फंसे हुए हैं। हादसे में बाल्टीमोर में पताप्सको नदी पर बना 2.6 किलोमीटर लंबा 'फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज' उस समय ढह गया था जब श्रीलंका जा रहा सिंगापुर के झंडे वाला 984 फुट लंबा मालवाहक जहाज पुल के एक खंभे से टकरा गया। इस भीषण हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। इस पोत पर सवार चालक दल के सदस्यों में 20 भारतीय और एक श्रीलंकाई नागरिक है। दुर्घटना के बाद से ही चालक दल उसी पोत पर है और जांच में सहयोग कर रहा है। अमेरिका का संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) इस घटना की जांच कर रहा है। क्रु सदस्यों को मुक्त कराने के प्रयास में पुल के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया गया है। कि घटना के बाद मलबे में शिप फंस गया था और भारी दबाव के कारण जहाज में फंसे लोगों को निकालने में परेशानी आ रही थी। अधिकारियों को उम्मीद है कि इससे चालक दल को मीलों दूर अपने परिवारों के साथ फिर से पहुंचने में मदद मिलेगी। ये लोग जहाज पर ही रुके हैं क्योंकि जहाज अभी भी पुल के मलबे के चलते फंसा है।

## ...तो आरोपी को पीएमएलए के तहत ईडी नहीं कर सकती गिरफ्तार, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, 16 मई [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने आज ईडी की गिरफ्तारी को लेकर एक बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए कानून के प्रावधानों के तहत अगर विशेष अदालत ने शिकायत पर स्वतः संज्ञान ले लिया है तो फिर ईडी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि ईडी को अगर आरोपी को हिरासत में लेना है तो उसे पहले संबंधित कोर्ट में आवेदन देना होगा। आवेदन से संतुष्ट होने के बाद ही अदालत, ईडी को आरोपी की हिरासत देगी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि जब कोई आरोपी किसी समन के अनुपालन में अदालत के समक्ष पेश होता है, तो एजेंसी को उसकी हिरासत पाने के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करना होगा।

याचिकाकर्ता ने पंजाब और हरियाणा ॥ष्ट के दिसंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी है। अदालत ने यह टिप्पणी इस सवाल से निपटने के दौरान की कि क्या मनी लॉन्ड्रिंग मामले में किसी आरोपी को जमानत के लिए कड़े दोहरे परीक्षण से गुजरना पड़ता है, यहां तक कि उन मामलों में भी जहां विशेष अदालत अपराध का संज्ञान लेती है। कुछ दिनों पहले एक सुनवाई के दौरान जस्टिस ओका ने कहा था कि शिकायत दर्ज होने के बाद ईडी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकती।

## खड़े डंपर से टकराई थी कार, आठ की मौत



**इंदौर, 16 मई [एजेंसी]।**

इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर हुए कल रात हुए भीषण हादसे की तस्वीरें सामने आई हैं। इन्हें देखकर हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसा बुधवार रात करीब साढ़े दस घाटाबिल्लौद के पास हुआ था। पुलिस को रात में सूचना मिली थी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार MP 43 BD 1005 में नौ लोग सवार थे। जो तेज रफ्तार में थी, सड़क किनारे रेत से भरा डंपर खड़ा था, जिससे कार पीछे से जा भिड़ी। हादसा इतना खतरनाक था कि कार पूरी तरह पिचक गई। उसमें बैठे लोग उसी में फंस गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को निकालने की कोशिश शुरू की। शव इतनी बुरी तरह फंसे थे, कि उन्हें निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत की गई। शवों की तस्वीरें भयावह थी। मध्य प्रदेश पुलिस ने बताया कि इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाटाबिल्लौद के पास एक जीप की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रूपेश कुमार द्विवेदी ने बताया, हादसे में आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल है। आशंका है कि डंपर रेती से भरा हुआ था, क्योंकि घटना स्थल पर रेती बिखरी हुई है। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिली है कि ये लोग बाग टांडा से गुना जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

### सुनील छेत्री ने किया संन्यास का ऐलान, 6 जून को कुवैत के खिलाफ खेलेंगे आखिरी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मुकाबला



*नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री छह जून को कुवैत के खिलाफ अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेंगे। यह फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच है। इस दिन वो दो दशक के शानदार फुटबॉल करियर को अलविदा कहेंगे।पिछले कई सालों से वो भारतीय फुटबॉल टीम की कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने संन्यास की जानकारी दी है।*

## तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, नर्स समेत दो की मौत



**नोएडा।** सेक्टर-35 स्थित सुमित्रा अस्पताल के पास बृहस्पतिवार सुबह करीब छह बजे एक बेकाबू बीएमडब्ल्यू कार ने एक ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार एक प्राइवेट अस्पताल की नर्स समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं ई-रिक्शा चालक समेत तीन घायलों का शहर के प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीनों की हालत गंभीर बनी हुई। सूचना पर पहुंची सेक्टर-24 कोतवाली पुलिस ने कार सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू की है। वहीं एक अन्य व्यक्ति फरार हुआ है। उसकी तलाश की जा रही है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि बृहस्पतिवार को करीब छह बजे के आसपास एक ई रिक्शा (यूपी 16 जेटी 4052) जिसमें चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे।

सिटी सेंटर से सेक्टर-12-22 की तरफ जा रहा था। सुमित्रा हॉस्पिटल के सामने एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू (एचआर 26 ईबी 7770) ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। बीएमडब्ल्यू कार सवार व्यक्ति सेक्टर-39 के तुषार, आदि नामक युवक को हिरासत में लिया गया है। घटना में शामिल एक व्यक्ति सेक्टर-41 का अमन सिसौदिया मौके से फरार हो गया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

## श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से अव्यवस्था चारधाम यात्रा के लिए दो दिन रजिस्ट्रेशन बंद



**ऋषिकेश।** चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान भारी श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में चारधाम यात्रा को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से दो दिन के लिए तीर्थयात्रियों का पंजीयन रोक दिया गया है। ऋषिकेश की बात की जाए तो यहां पंजीकरण काउंटर में सन्नाटा पसरा रहा। यहां ऑफलाइन पंजीकरण के लिए ऋषिकेश पहुंचे यात्रियों को निराश होना पड़ा है। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामान प्रशासन भी लाचार हो गया है।

ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है।

## सोनीपत में कत्था बनाने की फैक्ट्री का बॉयलर फटा, दो की मौत, 15 से ज्यादा घायल, कई के दबे होने की आशंका



**सोनीपत, 16 मई [एजेंसी]।**

सोनीपत के कुंडली थाना क्षेत्र में देर रात श्री गणेश नाम की कत्था बनाने वाली फैक्ट्री का बॉयलर फट गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिस वक्त ये हादसा हुआ उस वक्त फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे। धमका इतना जबरदस्त था कि आसपास बनी कई बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई।

पास की एक बिल्डिंग भी गिर गई जिसमें कई लोगों के दबे होने की सूचना है। आसपास के लोगों ने घायलों को मलबे से निकाला। जिनका इलाज नरेला के राजा हरीश चंद्र अस्पताल में जारी है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन पर मदद ना करने का आरोप लगाया है। फिलहाल मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौजूद हैं। वहीं पुलिस व अन्य एजेंसी में रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं।

## सपा-कांग्रेस दल दो, लेकिन दुकान एक, बेचते हैं झूठ, तुष्टिकरण, परिवारवाद का सामान :पीएम मोदी

**लखनऊ, 16 मई [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पीएम मोदी ने आजमगढ़ के लालगंज में अपनी पहली रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का ताजा उदाहरण यह है कि सीएए लागू होने के बाद पहले चरण में लोगों को नागरिकता दे दी गई। मोदी की गारंटी का मतलब क्या होता है, इसका ताजा उदाहरण सीएए कानून है। कल ही सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का काम शुरू हो चुका है। ये वो लोग हैं, जो शरणार्थी बनकर लंबे अर्से से हमारे देश में रह रहे हैं, ये वो लोग हैं, जो धर्म के आधार पर हुए भारत के बंटवारे का शिकार हुए थे। मोदी ने कश्मीर में शांति की गारंटी दी थी। मोदी ने 370 की दीवार गिराई।

पहले चुनाव आते थे तो हड़तालें होती थीं, आतंकी धमकी देते थे, लेकिन इस बार श्रीनगर में पिछले अनेक चुनावों के रिकॉर्ड टूट गए। देश की जनता जान गई है कि आप लोगों ने वोट बैंक की राजनीति करके, हिंदू-मुसलमान को लड़ाकर सेक्युलरिज्म का ऐसा चोला पहन लिया था कि आपकी सच्चाई बाहर नहीं आ रही थी, लेकिन मोदी ने आपकी सच्चाई उजागर कर दी है। आपने देश को 7 दशक तक साम्प्रदायिकता की आग में जूझने के लिए मजबूर कर दिया था।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेजर | जोधपुरी | लहंगा



U.S. POLO ASSN. | MUFTI | KILLER | Levi's | BLACKBERRYS | nostrum

प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NKH जीवन आशा हॉस्पिटल
निरंतर सेवाओं को बढ़ाते हुए...
एडवांस डायलिसिस का NKH
जीवन आशा जमनीपाली में दूसरी यूनिट का हुआ शुभारंभ




• अत्याधुनिक डायलिसिस मशीन उपलब्ध
• 24x7 डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
• सर्टिफाइड हेमोडायलिसिस टेक्निशियन उपलब्ध
93400-79176
62320-33233

# पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक के 55 लोगों ने कराई मोतियाबिन्द सर्जरी

कोरबा। ऑख है तो समझिये सारा जहां आपके पास व साथ है, इसके बगैर इंसान की दुनिया में अंधेरा ही अंधेरा है। कोरबा जिले को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता से मुक्त करने के लिए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का नेत्र चिकित्सा विभाग लगातार प्रयासरत् है।

डॉ. केशरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में मोतियाबिन्द का ऑपरेशन नहीं कराने की व्याप्त गलत धारणा के कारण केवल सर्दियों में मोतिबिन्द का ऑपरेशन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यह धारणा निराधार है जिससे उपचार में अनावश्यक देरी हो सकती है साथ ही आगे और दृष्टिगत समस्या हो सकती है।

सीएमएचओ ने बताया कि दूर या पास का कम दिखाई देना, गाड़ी ड्राइव करने में समस्या और दूसरे व्यक्ति के चेहरे के भावों को न पढ़ पाना आँखों में मोतियाबिन्द विकसित होने के लक्षण हैं। चश्मे या लेंस से स्पष्ट दिखाई न देने पर सर्जरी ही एकमात्र विकल्प बचता है जिसकी सलाह आवश्यकता पड़ने पर नेत्र विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है।

डॉ. सुमित गुप्ता, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम ने बताया कि राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् मरीजों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन तथा गुणवत्तापूर्ण दवाई तथा देखभाल करने के साथ ही वनांचल एरिया तथा दुर्गम क्षेत्र के मरीजों को अस्पताल तक लाना शामिल है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाभ लेते हुए ग्राम पोंड़ी उपरोड़ा के 55 ग्रामीण मरीजों ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया, जो कि यह दर्शाता है कि लोगों की केवल सर्दियों में ऑपरेषन कराने की धारणा बदल रही है। मोतियाबिन्द की सर्जरी बिल्कुल भी दर्दनाक नहीं होती है। यह लगभग सुरक्षित सर्जरी है और इसकी सफलता की दर काफी अच्छी है।



सीएमएचओ डॉ. केशरी ने जिले के नागरिको से अपील करते हुए कहा कि किसी विषिष्ट मौसम या समय की प्रतीक्षा करते हुए आवश्यक उपचार या सर्जरी को स्थगित ना करें।

मोतियाबिन्द के इलाज में देरी करने से दृष्टि संबंधी समस्या और अधिक बिगड़ सकती है और आपके दैनिक जीवन पर इसका हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि आँखों में कोई समस्या हो तो संपूर्ण जांच के लिए नेत्र चिकित्सक से परामर्श लें और मोतियाबिंद सर्जरी के संबंध में उनके मार्गदर्शन पर ध्यान दें। जिले के मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में मोतियाबिन्द जांच और सर्जरी की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। साथ ही इस दृष्टिगत समस्या के संबंध में नेत्र चिकित्सकों, नेत्र सहायक अधिकारियों एवं चिकित्सालयीन कर्मचारियों को विषेष रूप से प्रोत्साहित भी किया गया है।

# एल्युमिनियम लादकर लापता हुए ट्रक बरामद दो गिरफ्तार

कोरबा। भारत एल्युमिनियम कंपनी कोरबा के भंडारगृह से एल्युमिनियम लादकर ईस्टर लाईट पावर ट्रांसमिसन लिमिटेड सिलवासा गुजरात के लिये अलग-अलग तिथियो में दो ट्रको के माध्यम से भेजा गया था। जो गंतव्य तक नहीं पहुंचा हैं इस आशय की रिपोर्ट सिंह ईस्ट इंडिया ट्रांसपोर्ट एजेन्सी रायपुर मैनेजर के माध्यम से दर्ज कराई गयी थी। दर्ज कराई गयी रिपोर्ट में बताया गया था कि एक ट्रक त्छ्व 12 क्क्ङ्ग 9094 से भेजा गया था, जिसमे 29.280 रूञ्ज एल्युमिनियम ट्रक में लोड किया गया था। जिसकी कीमत 8991742/- रूपये बताई गयी हैं। इस ट्रक को ड्रायवर जीत पटेल लेकर रवाना हुआ था। रिपोर्टकर्ता ने दूसरे ट्रक के संबंध में आगे बताया की दुसरा ट्रक त्छ्व 17 ङ्गङ्ग 0542 का चालक अरविंद लेकर रवाना हुआ था। इस ट्रक में 29.334 रूञ्ज एल्युमिनियम लादा गया था, जिसकी कीमत 9008325/- रूपये बताई गयी हैं। इस तरह लगभग एक करोड़ 80 लाख रुपए का एल्युमिनियम रवाना किया गया था। पुलिस के द्वारा उसे ले जाने वाले ट्रक चालको द्वारा अपराधिक विश्वासघात कर किसी अन्य जगह ले जाने की रिपोर्ट पर थाना बालको में 406 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर वैधानिक कार्यवाही करते माल मुलजिम का पता तलाश किया जाते रहा। इस बीच मुखबीर सुचना में बताया गया की उक्त माल को दिल्ली में खपाने हेतु ले जाया जा रहा हैं। उक्त सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यू.बी.एस. चौहान एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा श्रीमती प्रतीभा मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बालको अभिनवकांत सिह के नेतृत्व में बालको पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए कथित आरोपियों, मशरूका की पता-तलाश कर धर पकड हेतु सुचना तंत्र लगाकर दिल्ली रवाना हुई। जहां उक्त ट्रकों के माल को दूसरे ट्रक ऋछ्व 52 व्र 9662 एवं ट्रक ॥क्र38८ष्ट 8899 में पलटी कर खपाने हेतु दिल्ली में ले पाया गया। दिल्ली से मशरूका (एल्युमिनियम) सहित दिल्ली में कथित आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। बरामद सामान एवं कथित आरोपी को वापस कोरबा लाया गया जिसे न्यायिक अभिरक्षा हेतु भेजा गया। उक्त मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की पता-तलाश जारी है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बालकोनगर अभिनवकांत सिंह, सउनि धनंजय जाटवर, प्र.आर. 336 राजनारायण सिंह, आर. 40 सलामुद्दीन हवारी, आर.826 संजीव सिंह का विशेष योगदान रहा है।

# रेडियोग्राफर के सत्यापन उपरांत वेतन आहरण के निर्देश

कोरबा ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा में पदस्थ रेडियोग्राफर श्रीमती सूरजमनी नीलम के वेतन आहरण के संबंध में खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा को निर्देशित किया गया है कि वे रेडियोग्राफर श्रीमती सूरजमनी नीलम की मासिक उपस्थिति पंजी प्रतिमाह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को 20 तारीख तक प्रेषित करेंगे और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सत्यापन व लिखित सूचना उपरांत ही उक्त कर्मचारी का वेतन आहरण करना सुनिश्चित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि उक्त रेडियोग्राफर के संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत को व्हाट्सएप से शिकायत हुई थी, कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ सहित बीएमओ को आवश्यक निर्देश देकर रेडियोग्राफर की उपस्थिति का सत्यापन के पश्चात वेतन आहरण के निर्देश दिए हैं।

**स्वास्थ्य अमलों को अपने दायित्व स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश-**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों को इस आशय से निर्देश जारी किया गया है कि स्वास्थ्य संस्थाओं में किसी भी अशासकीय व्यक्ति को अनाधिकृत रूप से विभागीय कार्य में संलिप्तता न हो, इसका विशेष ध्यान रखें तथा अपने अधीनस्थ पदस्थ सभी स्वास्थ्य अमलों के पदीय संस्था में दैनिक उपस्थिति की सतत् निगरानी रखते हुए उनका मुख्यालय में निवास सुनिश्चित करें। यदि किसी विकासखंड में निरीक्षण के दौरान अथवा किसी माध्यम से किसी स्वास्थ्य अमला के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के उपरांत भी उनका वेतन आहरण होने या अनाधिकृत व्यक्ति के संस्था में कार्य में संलिप्त होने की जानकारी प्राप्त होने पर प्रथम दृष्टया स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों-कर्मचारियों को जवाबदेह मानते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# समर कैम्प में बच्चों की निखर रही प्रतिभा

कोरबा । अग्रसेन पब्लिक स्कुल में 18 दिन से संचालित समर कैप के समापन के अवसर समारोह अयोजित किया गया । अग्रसेन पब्लिक स्कुल के 18 दिनों से अयोजित समर कैम्प का अयोजन किया गया था जिसके आज दिनांक को समापन हुआ इस अवसर पर अयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुमेरमल डालमिया अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बालको व विशिष्ठ अतिथि के रूप में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल उपस्थित हुये कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि के द्वारा माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना व दीपप्रज्जवल के साथ कि गई । इस अवसर पर श्री अग्रेसन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल के द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि विद्यालय के द्वारा अयोजित समर कैम्प में बच्चों ने अनेको गुण सिखाये गये इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि अग्रवाल सभा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देते रहे है समाज का सहयोग मिलता रहा है बच्चें भविष्य में अच्छे नागरिक बने मुख्य अतिथि सुमेरमल डालमिया ने अपने उदबोधन में कहा कि आज बच्चों के बीच आने का सुअवसर मुझे मिला बच्चे 18 तारीख से सीख रहे बच्चे जीवन में अभी सिखी हुई कला का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करें जिससे उनका भविष्य में निखार आवश्य आयेगा । समर कैम्प में जहां पढाई के साथ साथ अन्य प्रतिभाओं को बच्चों को दिखया गया गुल्लक सजावट, फलावर पॉट सजावट और मेंकिग जुम्बा, आत्म सुरक्षा, ड्राइंग पेंटिंग सेल्फ मेकअप, डांस, क्ले आर्ट, फायरलेस कुकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट इसके साथ ही बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन खेल कुद में चेस, बेडमिटन, क्रिकेट के गुणों को सिखाया गया जिसमें बच्चों को विकास हो सके उन्हें अपनी प्रतिभा को उजागार करने समर कैम्प में मिटटी से जूडे मिटटी के कलाकृति में बच्चों ने विशेष रूचि दिखते हुए कला को जहां अपने कोमल हाथों से निर्माण किया एक अवसर भी मिल सके विद्यालय के द्वारा अयोजित समर कैम्प में समापन समारोह में बच्चों के प्रशिक्षण दिये गये शिक्षक शिक्षकाओं का विद्यालय श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के द्वारा सम्मान भी किया गया । इस अवसर पर विद्यालय की श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव सीए त्रिलोकीनाथ बजाज गोपाल प्रसाद केडिया श्रीमति अनिता सिंघल राजेश केडिया मनीष अग्रवाल अखिल अग्रवाल (सोनु), श्रीमति नेहा पोददार मनोज कुमार अग्रवाल श्रीमतिरूचिका अग्रवाल अग्रवाल सभा सचिव गोपाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रमन अग्रवाल श्री अग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय अध्यक्ष सुनील जैन अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमति मनीषा गोयल सचिव श्री रश्मि सरावगी व प्राचार्या श्रीमति शोमा सोनी एवं अग्रबन्धुगण व शिक्षक शिक्षकाऐं व भारी संख्या बच्चे भी उपस्थित थे




# पाली के जंगल में तेंदुआ के खाल और अंगों की तस्करी की आशंका, वन अमला जुटा जांच में

**कोरबा-पाली।** छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिले के कटघोरा वन वनमंडल अंतर्गत पाली उप वन मंडल से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां के चैतमा रेंज अंतर्गत राहा सर्किल के जंगल में एक वयस्क तेंदुआ का शिकार करने की जानकारी आम हुई है।

प्रारंभिक तौर पर सूत्रों से प्राप्त जानकारियों के मुताबिक तेंदुआ का शिकार आज ही किया गया है। उसके शरीर से खाल के कुछ हिस्से निकाले जाने के साथ ही नाखून, दांत और पूछ गायब मिले हैं। यह खबर जंगल से निकलकर महकमे तक पहुंचते ही खलबली मच गई और डीएफओ से लेकर विभागीय अधिकारी अलर्ट हुए। 2 से 3 अलग-अलग टीम जंगल में घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। रायपुर से सर्चिंग डॉग की टीम को भी बुला लिया गया है।

बता दें कि पाली के जंगल में तेंदुआ की आमदरफ्त होती रही है। खासकर गर्मी के मौसम में वे भोजन व पानी की तलाश में यहां नजर आते रहे हैं। इतना ही नहीं अचानकमार अभ्यारण्य से लगा हुआ जंगली इलाका होने से बाघ भी यहां कई बार देखे गए हैं। तेंदुआ का शिकार कर उसके अंग गायब करने की घटना से इलाके में सनसनी व्याप्त है। देखना है कि इस पूरे मामले में धर पकड़ कब तक हो पाती है। फिलहाल वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका है।



## दर्री बरॉज से हटा रहे जलकुंभी से मोटर पंप हुआ जाम

कोरबा। हसदेव दर्री बरॉज से हटा रहे जलकुंभी बुधवार को एचटीपीपी संयंत्र की पाइप में फंसने के कारण मोटर पंप जाम हो गया और इस कारण एचटीपीपी संयंत्र की एक नंबर की इकाई को बंद करनी पड़ी। इधर बॉयलर ट्यूब लीक से डीएसपीएम पॉवर प्लांट की एक इकाई उत्पादन से बाहर हो गई। दोनों ही संयंत्रों की उत्पादित बिजली से राज्य उत्पादन कंपनी प्रदेश की घरेलू बिजली जरूरतें पूरा करती है। फंसे जलकुंभी को हटाकर एचटीपीपी संयंत्र की बंद इकाई को फिर से चालू कर लिया गया, वहीं डीएसपीएम पॉवर प्लांट के बंद एक इकाई को फिर से उत्पादन में लाने इंजीनियरों की टीम सुधार कार्य में जुटा रहा।1340 मेगावाट क्षमता का एचटीपीपी संयंत्र को पानी की जरूरतें हसदेव दर्री बरॉज से होती है। इन दिनों हसदेव दर्री बरॉज में फैले जलकुंभी को हटाने सफाई कराई जा रही है। एचटीपीपी संयंत्र की 210 मेगावाट की इकाई के कूलिंग वाटर का स्टीम कंडेनसर को ठंडा करने लगा मोटर पंप बुधवार को जाम हो गया। इसके कारण दर्री बरॉज में फैले जलकुंभी को हटाते समय पाइप से फंस जाना रहा। इसके कारण एचटीपीपी की एक नंबर की इकाई को बंद करनी पड़ी। जलकुंभी की सफाई के बाद मोटर पंप चालू कर बिजली यूनिट से उत्पादन शुरू किया गया। बॉयलर ट्यूब लीक होने से डीएसपीएम पॉवर प्लांट की 250 मेगावाट की एक नंबर इकाई से उत्पादन बाधित हो गया है। इंजीनियरों की टीम सुधार कार्य में जुटा है। इस तरह बुधवार को उत्पादन कंपनी का 460 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया। चूंकि बिजली उत्पादन की क्षमता से अधिक प्रदेश में बिजली की मांग है। इस कारण निजी संयंत्रों की बिजली पर निर्भरता है। दो इकाइयों के उत्पादन से बाहर होने पर महंगी बिजली पर निर्भरता बढ़ गई।लाइटअप की तैयारी- डॉ.हेमंत ट्टडीएसपीएम पॉवर प्लांट के मुख्य अभियंता व कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) डॉ. हेमंत सचदेव ने बताया कि डीएसपीएम पॉवर प्लांट के बंद यूनिट के लाइटअप की तैयारी है। ट्यूब लीकेज के कारण बंद करना पड़ा है।

## मातृत्व दिवस पर माताओं का किया सम्मान

कोरबा । कोरबा जिले में युवा मंच दर्री जमनीपाली द्वारा कोरबा सेवा भारती द्वारा संचालित मातृ छाया में उपस्थित सभी माताए जो छोटे बच्चों की अनवरत देखभाल करती है उनका सम्मान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित मंच साथियों को सेवा भारती द्वारा संचालित किए जा रहे सभी कार्यों से मातृ छाया के सहसचिव अभिषेक शर्मा ने अवगत करवाया। मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया की मातृत्व दिवस का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की सभी शाखाओं में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है, इसी कड़ी में दर्री जमनीपाली शाखा ने मातृत्व दिवस का कार्यक्रम मातृ छाया कोरबा में मनाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित मंच के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल ने उपस्थित सभी बच्चो की देखभाल करने वाली माताओं के सेवा कार्यों को सराहा। प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल एवं शाखा अध्यक्ष पारस अग्रवाल ने मंच के कार्यों से उपस्थित सेवा भारती के पदाधिकारियों को अवगत करवाया।प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल ने सेवा भारती द्वारा चलाए जा रहे एक निस्वार्थ सेवा मोक्ष रथ की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मातृत्व दिवस पर सभी माताओं ने भी मंच को साधुवाद कहा की कोई ऐसी संस्था भी है जो इस दिवस को इस प्रकार मनाती है। संस्था में मंच साथी जय अग्रवाल का भी जन्मदिन सभी के बीच मनाया गया और केक काटा गया। इस अवसर पर मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल, प्रांतीय सयुंक मंत्री सुमित अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल, प्रांतीय सहसंयोजक विकास अग्रवाल, सदस्य जय अग्रवाल, सत्या सिंघानिया, मनीष अग्रवाल कोरबा शाखा से अध्यक्ष विकास मित्तल, सचिव दीपक अग्रवाल, सेवा भारती मातृ छाया से सहसचिव अभिषेक शर्मा एवं मयंक उपस्थित रहे।

# कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 13 दिनों तक चला इलाज, अत्याधुनिक उपकरण का हुआ इस्तेमाल

कोरबा ।जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डिलीवरी के बाद नहीं रोने वाले नवजात बच्चों की नई पद्धति से इलाज शुरू की गई है। 1 मई को जन्मे नवजात की रोने की आवाज न आने पर नवीन पद्धति से उपचार के कारण मासूम के रोने की गूंज अस्पताल में सुनाई दी। एसएनसीयू में मासूम का उपचार डॉक्टरों के देखरेख में करीब 13 दिनों तक चलता रहा, जिससे वह पूरी तरह स्वस्थ हैं।

जानकारी के मुताबकि, उरगा क्षेत्र में रहने वाले राजेश चंद्राकर की पत्नी दीप्ति चंद्राकर को 1 मई प्रसव पीड़ा शुरू हो गया। राजेश चंद्राकर अपनी पत्नी को प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रसूता का सामान्य डिलीवरी तो करा लिया, लेकिन जन्म के पांच मिनट बाद भी मासूम के मुंह से आवाज नहीं निकली।

इसके बाद स्वास्थ्य कर्मी मासूम को तत्काल एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) लेकर पहुंचे, जहां मेडिकल कॉलेज में शिशु रोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमा नामदेव ने मासूम को एसएनसीयू में भर्ती करते हुए गहनता से जांच की। इसके बाद अपनी टीम के साथ मासूम का लाखों रुपए कीमती अत्याधुनिक उपकरण का इस्तेमाल नवीन पद्धति से उपचार शुरू कर दिया।



मेडिकल कॉलेज सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमा नामदेव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अस्पताल में नवीन पद्धति से नवजात का उपचार शुरू किया गया है। इससे निश्चित तौर पर परिजनों को भारी भरकम खर्च से राहत मिलेगी। जिले के चुनिंदे अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध है। खर्च की बात करें तो प्रतिदिन औसतन 6000 रूपए होते हैं, जबकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोई खर्च नहीं है।

शिशु रोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमा नामदेव ने बताया कि अस्पताल में नवीन पद्धति से पहली बार उपचार किया गया है इसके लिए लाखों रुपए कीमती दो अत्याधुनिक मशीन उपलब्ध हैं इसे मीरा कादल कहा जाता है। इस उपकरण की मदद से कंट्रोल तरीके से बच्चे को ठंडा किया जाता है जिसकी वजह से मस्तिष्क का मेटाबालिज्म कम हो जाता है और बच्चे पर आघात कम होता है।

## कार्मिक निदेशक ने ली समीक्षा बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल के आला अधिकारियों का दौरा लगातार बना हुआ है। इसी कड़ी में निदेशक कार्मिक बिरंची दास कोरबा क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने उत्पादन-उत्पादकता की समीक्षा की। अधिकारी-कर्मचारियों से सीधा संवाद किया। क्षेत्र के विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, जेसीसी सदस्यों के साथ बैठक की। मंगलवार को एसईसीएल निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास कोरबा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। सबसे पहले वे सरायपाली खदान गए जहां उन्होने खदान में उतरकर खनन गतिविधियों को देखा एवं उत्पादन-उत्पादकता में वृद्धि लाने के लिए टीम को प्रोत्साहित किया। साथ ही कर्मचारियों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने सरायपाली में स्थित एसईसीएल आवासीय कॉलोनी का भी भ्रमण कर आवासीय सुविधाओं का निरीक्षण किया। सरायपाली के उपरांत श्री दास कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर खदान गए एवं खनन गतिविधियों की समीक्षा की। इसके पश्चात निदेशक (कार्मिक) ने मानिकपुर में ही कोरबा क्षेत्र के समस्त विभागाध्यक्षों, स्टाफ ऑफिसर, अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। उनसे सीधा संवाद कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। श्री दास ने कोरबा क्षेत्र के जेसीसी सदस्यों के साथ भी परिचयात्मक भेंट की। दौरे के दौरान कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंडया भी साथ रहे।

## तनाव मुक्ति के लिए शिविर 20 से

कोरबा ।वर्तमान समय में लोग अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। दूसरों से आगे बढ़ाने के जुनून में लोग अपने जीवन को पूरी तरह अव्यवस्थित कर देते हैं। सबसे ज्यादा युवा वर्ग चिंता, तनाव, एंजायटी और डिप्रैशन के शिकार होता जा रहा हैं। मानसिक तनाव शरीर में कई प्रकार की बीमारियों का कारण बनता जा रहा है जिससे पारिवारिक संबंधों दूरियां बढ़ती जा रही है जिसका बुरा प्रभाव समाज में भी पड़ रहा है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ,बालको के तत्वाधान में 20 से 26 मई तक 7 दिवसीय तनाव मुक्ति शिविर व राजयोग मेडिटेशन कोर्स का आयोजन किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह निःशुल्क है। क्लास का समय शाम 6:30 से 8:00 तक रखी गयी है। शिविर का लाभ उठाने के लिए तत्काल पंजीयन कराएं। इसके लिए मो.नं. 7974825912 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पानी समस्या दूर करने का आश्वासन मिलने पर माकपा ने चक्काजाम किया स्थगित

कोरबा।नगर पालिका बांकीमोंगरा के वार्ड क्रमांक 63 मोंगरा के बांकी बस्ती, मड़वाढोड़ा व पुरैना खदान प्रभावित है। पीने के पानी की समस्या को लेकर माकपा ने 16 मई को चक्काजाम की चेतावनी दी थी। नगर पालिका के सीएमओ ने हफ्तेभर के भीतर पीने के पानी की समस्या दूर कर वार्डवासियों को राहत देने के आश्वासन पर माकपा ने चक्काजाम स्थगित कर दिया है।

# हनुमान मंदिर के 18वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

कोरबा। शहर के आरपीनगर फेस-1 दशहरा मैदान के पास स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के 18वें स्थापना दिवस पर गुरुवार 16 मई को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंदिर में साज-सज्जा व तैयारी कर ली गई है। हनुमान जी के प्रतिमा का श्रृंगार व पूजा बिजली विभाग के अधिकारी डीआर राकुंडे करेंगे, वहीं शाम को प्रसाद बांटा जाएगा।श्रृंगार के लिए कपड़ा व अन्य सामग्री श्रीमती भोजसिया ने प्रदान किया है। मंदिर की स्थापना 16 मई 2006 को कामरूप कामाख्या के पुरोहित स्व. मुक्तिनाथ झा, छुरी के महाराज व बनारस से पहुंचे 6 ब्राह्मणों ने किया था। मंदिर की स्थापना में महेश कुमार थापर व डॉ. सुबोध थवाईत (कोरबा) का विशेष सहयोग रहा।

## विज्ञापन लिखवाने पर मुनाफा का झांसा दिया

कोरबा। घर की दीवार पर मार्केटिंग कंपनी का विज्ञापन लिखवाने पर प्रतिमाह मुनाफा होने का झांसा देकर एक व्यक्ति ने ग्रामीण से 26 हजार रुपए की ठगी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामला पाली थाना अंतर्गत चैतमा चौकी का तेलसरा गांव है, जहां करीब 3 महीने पहले ग्रामीण सुरज लाल अपने घर पर दुकान खोलने के लिए काम करा रहा था।उसी दौरान एक व्यक्ति उसके पास पहुंचा। उसने खुद को एक मार्केटिंग कंपनी से जुड़ा होना बताया। साथ ही उसने यह भी कहा कि वह मार्केटिंग कंपनी के प्रोडक्ट की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार में जुटा है। वह उसके घर की दीवार पर मार्केटिंग कंपनी का विज्ञापन लिखवाने पर प्रतिमाह 6 हजार रुपए मुनाफा कंपनी से दिलवाएगा। उसने दुकान में कंपनी का प्रोडक्ट बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करने का भी झांसा दिया।

# एक्सीडेंट के मामले में पीड़ित पक्ष दो दिन के भीतर कर सकता है क्लेम




**जांजगीर - चांपा ।** मोटर दावा दुर्घटना अधिनियम के नवीन संशोधन के संबंध में एसपी कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश पल्लवी तिवारी , सीजीएम विजय अग्रवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रियंका अग्रवाल, एसपी विवेक शुक्ला, एएसपी राजेन्द्र जायसवाल, एएसपी सक्ती रमा पटेल थीं।

मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने मोटर दावा दुर्घटना अधिनियम में नवीन संशोधन के संबंध में जानकारी देते हुये कहा कि पहले विवेचना के दौरान नियम जटिल था किंतु नियम में संशोधन के बाद प्रक्रिया सरल हो गई है। द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश पल्लवी तिवारी ने मोटर दावा दुर्घटना अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी देतेहुए कहा कि दुर्घटना होने पर अन्वेषण अधिकारी प्रारूप-1 में जानकारी भरकर न्यायालय के समक्ष 48 घंटे के अंदर प्रस्तुत किया जा सकता है।

प्रारूप-2 में अन्वेषण अधिकारी पीड़ित पक्ष से फार्म भरवाकर दावा प्राधिकरण को भेजने और प्रारूप -3 में वाहन चालक एवं प्रारूप -4 में वाहन स्वामी से 30 दिवस के अंदर जानकारी भरकर प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रारूप-5 में अन्वेषण अधिकारी अंतरिम दुर्घटना रिपोर्ट 50 दिवस के अंदर दावा विधिक प्राधिकरण में जमा किया जा सकता है। प्रारूप-6 में नाबालिक पीड़ित से संबंधित एवं प्रारूप 06-ए में नाबालिक पीड़ित को सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत जानकारी दी गई। प्रारूप 8 में घटनास्थल का नजरी नक्शा एवं वीडियोग्राफी तैयार कराकर 60 दिवस के अंदर दावा प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है।एसपी विवेक शुक्ला ने मोटर दावा दुर्घटना के नवीन संशोधन के संबंध में प्रकाश डालते हुये विवेचकों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वरिष्ठ अधिकारियों से सम्पर्क कर निराकरण करने की बात कही। उन्होंने मोटर दावा दुर्घटना अधिनियम को पहले से सरलीकृत किया गया है जिसमें पीड़ित को शीघ्र बीमा मिलेगी और पीड़ित तथा वाहन मालिक से अन्वेषण अधिकारी फार्म भराकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्यशाला में जिला जांजगीर - चांपा एवं सक्ती के प्रधान आरक्षक से निरीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हुए ।

## सब्जी लेकर लौट रहे ग्रामीण की मौत

**अकलतरा।** सब्जी लेकर गांव लौट रहे कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता छोटा हाथी वाहन की चपेट में आ गया और मौक पर ही उसकी मौत हो गई। चालक ने दुर्घटना के बाद अपने वाहन के नंबर प्लेट को तोड़कर वाहन में ही फेंक दिया और फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया।



जानकारी के अनुसार अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम खटोला निवासी तिहारू राम कंवर (62) सब्जी लेने पास के गांव बरगंवा गया था। वहां से सब्जी लेकर लौट रहा था इसी दौरान अकलतरा-बलौदा मार्ग पर छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 11 एजे 4775 के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और लगभग 100 मीटर तक घसीटते ले गया। इससे मौके पर ही तिहारू राम की मौत हो गई।

दुर्घटना के बाद चालक वाहन केनंबर प्लेट को उखाड़कर वाहन के ही ट्राली में डाल दिया था। ग्रामीणों को जब घटना की सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और स्वजन के साथ चक्काजाम कर दिया। मौके पर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी पहुंचे और उन्हें समझाईश देकर घंटे भर बाद चक्काजाम समाप्त कराया गया। पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध भादवि की धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया। मामले की विवेचना की जा रही है।

## तालाब में डूबा बालक, कई घंटे बाद निकाला गया शव

**अकलतरा।** जांजगीर-चंपा के ब्लॉक अकलतरा ग्राम रसेड़ा की घटना सुबह उठकर बालक तालाब में नहाने को गया डूबने से हो गई बालक की मौत। तालाब में नहाने गए छह साल के बालक की डूबने से मौत हो गई। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम रसेड़ा निवासी बसंत सिंह गोंड़ का पुत्र विराट सिंह गोंड़ 15 मई को सुबह 9 बजे गांव के तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह तालाब की गहराई में चला गया और डूबनेलगा। तालाब में नहा रहे ग्रामीणों ने उसे डूबते देखा तो बचाने का प्रयास किया। उसके पेट में अत्यधिक मात्रा में पानी चला गया था।आनन- फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया और शव का पीएम कराकर स्वजन को सौंप दिया गया।

## प्रशिक्षण शिविर 20 मई से

**जांजगीर।** संयुक्त कलेक्टर ममता यादव व जिला खेल अधिकारी प्रमोद बैस ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए जिला खेल संघों के पदाधिकारियों की बैठक ली। संयुक्त कलेक्टर ममता यादव ने बताया कि 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 मई से प्रारंभ किया जाएगा और उसका समापन 9 जून को होगा। जिला खेल अधिकारी बैस ने बताया कि शिविर में भाग लेने के लिए इच्छुक बालक व बालिकाएं संबंधित खेल संघ या खेल एवं युवा कल्याण विभाग जांजगीर में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं ।

## नगर के पुराने तालाबों में पानी को सोख लिया जलकुंभियों ने, सफाई पर ध्यान नहीं



**जांजगीर।** शहर के वर्षों पुराने तालाबों को संरक्षित करने में भी स्थानीय प्रशासन फेल हो गया है। नगर के प्रमुख तालाबों की स्थिति बदतर है। नगर में एक भी तालाब ऐसा नहीं है जहां गंदगी ना पसरी हो। शहर में अलग-अलग जगहों पर चार तालाब ऐसे हैं जो पिछले दो-तीन साल से जलकुंभी से पट गए हैं। वार्ड के तालाब को लोगों ने कूड़ा दान बना दिया है। तालाब में फैली जलकुंभी के सड़ जाने और गंदगी के कारण उससे दुर्गंध आ रही है।

आस-पास मकानों में रहने वाले लोग परेशान हैं। सीएसआर मद से अलग अलग तालाबों के सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी तत्कालीन कलेक्टर ने उद्योगों के संचालकों को दी थी, लेकिन वह काम कागजों में ही? सिमट कर रह गया। शहर के लिंक रोड और कचहरी चौक जाने वाले गली में वार्ड नंबर 16 और वार्ड नंबर 14 के तालाब धीरे-धीरे पट रहे हैं। तालाब में पानी नहीं घास फूस और जलकुंभी लबालब भरे हैं। जहां बस्ती है उस क्षेत्र में तालाबों से पानी धीरे-धीरे सूखने लगा है। तालाबों में एक से दो फीट तक पानी रह गया है। शारदा चौक से नैला की ओर जाने वाले रास्ते के तालाबों में वाटर लेवल भी तेजी से कम हो रहा है। पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 11 और 12 के घोड़तला तालाब मे गंदगी पसरी हुई है। तालाब के आस पास रहने वाले लोग बदबू से परेशान हैं। वार्ड में रहने वाले लोगों ने बताया कि कई बार तालाब की सफाई करवाने की मांग की गई है, लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। 6 वार्ड नंबर 4 के पास खम्हरिया तालाब का पानी सूख चूका है।

तालाब में एक मिट्टी का टापू नजर आ रहा है। तालाब के एक ही हिस्से में करीब पांच फीट तक पानी बचा है, वह भी खराब हो गया है। आस पास गंदगी पसरी हुई है। पानी उपयोग के लायक नहीं है। 6 शारदा चौक से नैला के रास्ते वार्ड नंबर 5 के जूना तालाब में वाटर लेवल शहर के अन्य तालाब के वाटर लेवल से बेहतर है। लेकिन पानी मटमैला हो गया है, पानी से गंध आ रही है। आस पास के लोग यहां नहाते हैं। 6 नैला क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 में दो अलग-अलग तालाब हैं। नैला-सिवनी रेलवे फाटक के पास तालाब पर ठीक ठाक पानी भरा हुआ है। लेकिन तालाब के पार पर गंदगी पसरी हुई है। समय-समय पर सफाई नहीं होने के कारण एक हिस्से पर घास फूस उग आए हैं।

गांव में तालाब को संवारने प्लान पर शहर में कुछ हो ही नहीं रहा ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत जैसे तैसे तालाब को संरक्षित किया जा रहा है।

गांव में हर साल नये तालाब भी बनाए जा रहे हैं। लेकिन जहां आबादी बढ़ रही है उस शहर के जिम्मेदार अधिकारियों के पास इन गिने चुने तालाबों को बचाने के लिए कोई प्लान नहीं है। अधिकारियों द्वारा शहर के तालाबों में सफाई और सौंदर्यीकरण करवा उसे बचाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। तालाब की सफाई व सौंदर्यीकरण करने के लिए आचार संहिता खत्म होने की राह देख रहे हैं लेकिन जून में मानसून के दस्तक देने के बाद इनका प्लान फिर फेल हो जाएगा।

## 25 दिनों तक चलेगी गिनती, एटीआर में कितने बाघ, कैमरे में होंगे कैद

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने ट्रैप कैमरे के माध्यम से बाघ व अन्य वन्य प्राणियों की गणना बुधवार से प्रारंभ कर दी है। एक ग्रिड पर दो कैमरे लगाए गए हैं, ताकि जब वन्य प्राणी इसके सामने से गुजरे तो आटोमेटिक कैमरा क्लिक हो जाए और उनकी तस्वीर कैद हो जाए। इस विधि से गणना 25 दिनों तक चलेगी। इसके बाद कैमरे में लगे चिप को निकालकर कम्प्यूटर में सेव कर आकलन किया जाएगा। बाघों की गणना, उनकी धारियों के आधार पर होगी। इस गणना को लेकर टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने अच्छी तैयारी की है।

## हज के नाम पर लगाई 11 लाख की चपत

**जांजगीर।** मक्का मदीना हज की यात्रा कराने के नाम पर एक एजेंट व नागपुर की टूर एंड ट्रेवलर्स कंपनी के संचालक ने चांपा नगर के लोगों से 11 लाख रुपए की ठगी कर ली। एजेंट के कहने पर लोगों ने टूर एंड ट्रेवलर्स के एकाउंट में पैसा साल भर पहले ट्रांसफर किए। जनवरी 23 में यात्रा करानी थी। नहीं कराने पर एजेंट व टूर एंड ट्रेवलर्स कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

चांपा निवासी मोहम्मद जियाउद्दीन असदकी आर्जुमंद टूर्स एंड ट्रेवल्स का (एजेंट) है। उसने कोरबा रोड भगवती नगर निवासी मोबिन खान को भी मक्का मदीना हज की यात्रा पर जाने के लिए तैयार किया । यात्रा की रकम और तारीख तय होने के बाद मोबिन खान ने एजेंट के कहने पर आर्जुमंद टूर्स एजेंसी के खाते में 5 लाख 15 दिसंबर 22 को आरटीजीएस कर दिया। 20 हजार 28 जनवरी 2023 और 10 हजार 25 जनवरी 2023 को जमा कराए। 6 लाख रुपए मोबिन से जमा कराए गए। मोहम्मद साहिल सौदागर से 4 लाख जमा कराया गया और 1 लाख रुपए आर्जुमंद टूर्स एड ट्रेवल्स के खाते में प्रिंसकिल्ला से आरटीजीएस के माध्यम से जमा कराया गया।

जनवरी 2023 में करानी थी यात्रा रिपोर्ट के अनुसार जिन लोगों ने हज की यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आर्जूमंद टून एंड ट्रेवलर्स के एकाउंट में पैसा ट्रांसफर किए थे, उन्हें जनवरी 2023 में अरब की यात्रा करानी थी, पर एजेंट व टूर एंड ट्रेवलर्स ने यात्रा नहीं कराई । 16 माह के बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए आवेदन 17 मई से शुरू

**जांजगीर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की दसवीं-बारहवीं परीक्षा के नतीजे सोमवार को जारी किए गए। रिजल्ट से नाखुश होने वाले छात्र मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया 17 मई से शुरू हो रही है। इसकी फीस प्रति विषय 500 रुपए है। इसके बाद आंसरशीट की फोटो कॉपी लेने के लिए छात्र 1 और 2 जून को आवेदन कर सकेंगे। छात्रों को प्रति आंसरशीट 700 रुपए शुल्क देना होगा। यदि इन दो स्टेप से भी स्टूडेंट्स असंतुष्ट है, तब वे पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 6 और 7 जून को फार्म भरे जाएंगे। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 100 रुपए शुल्क है। गौरतलब है कि सीबीएसई कि ओर से छात्रों के लिए 14 मई से फ्री साइकोलॉजिकल काउंसिलिंग सर्विस शुरू हो गई है।

# हाईवा की टक्कर से दो लोग गंभीर रूप से हुए जख्मी, घटना के बाद हुआ चक्काजाम

**अकलतरा।** अंबेडकर चौक के पास सड़क निर्माण में लगे ओवरलोड हाईवा ने अनियंत्रित होकर साइकिल सवार और ट्रैक्टर चालक को चपेट में ले लिया। हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण रोड से अंबेडकर चौक की ओर आ रही हाईवा क्रमांक सीजी 10 बीएस 0738 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए साइकिल सवार को ठोकर मारते हुए ट्रैक्टर से जा टकराई। ट्रैक्टर को ठोकर मारने के बाद हाइवा किसी तरह रूकी। इससे आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। घटना में साइकिल सवार घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस घटना के वक्त बाजार में लोगों की भीड़ थी। समय रहते लोगों ने घटना को भांप कर किसी तरह अपनी जान बचाई नहीं तो इस हादसे में कई लोगों की जान जा सकती थी। प्रशासन को गंभीरता से इस घटना से सबक लेते हुए नो एंट्री के नियमों का पूर्णता पालन कराने की आवश्यकता है।



लंबे समय से अकलतरा बलौदा सड़क निर्माण का काम चल रहा है। जिसमें दिन में लगभग 15 से 20 ओवरलोड हाईवा निर्माण सामग्री लेकर शहर के अंदर से निकलते हैं। वाहनों में ना तो तिरपाल ढका होता है और ना ही पर्यावरण नियमों का पालन किया जाता है। वाहन में केवल चालक रहता है हेल्पर नहीं रहता है। ठेकेदार द्वारा नो एंट्री के समय में वाहन को शहर के अंदर से बेधड़क बलौदा की ओर ले जाया जाता है। जबकि शहर के अधिकांश व्यापारियों के द्वारा नो एंट्री का पालन किया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की कोई जनहानि ना हो। परंतु ट्रांसपोर्टर द्वारा गंभीरता से नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार भी अपनी पहुंच का उपयोग करते हुए सारे नियमों को ताक में रखकर वाहन चलवा रहा है।



## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत

**जांजगीर।** ग्राम पाली (सिवनी) में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आचार्य पंडित प्रवीण शर्मा शामिल हुए। कथा का आयोजन पूरन पटेल के निवास में किया गया है। कथा में यजमान खुशबू, राज, रानू पटेल, घनश्याम, सुमन पटेल, पदुम, उमा पटेल हैं। कथा का समापन 19 मई को होगा। कथा के शुरुआत में झांकी भी निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिद पूरी नहीं हुई तो खा लिया जहर

**जांजगीर।** गर्मी के इस भीषण दौर में पांच साल का बेटा अपने लिए स्पंज लेने की जिद की ताकि उसके पांव में छाले न पड़े। इस मामूली बात को लेकर घर में पति-पत्नी का विवाद हो गया और मां ने अपने दो छोटे बच्चों की जिद पूरी न कर पाने के गम में जहर पी ली। उसे गंभीर अवस्था में सोमवार की सुबह 11 बजे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। चौबीस घंटे चली इलाज के बाद जिला अस्पताल के डॉक्टर महिला को बचा पाने असमर्थ हो गए और मंगलवार की सुबह महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मुनुंद का है। मुनुंद निवासी राजकुमारी पति राजकुमार 35 के उन दो मासूम बच्चों को क्या पता था कि उन्हें गर्मी से बचने के लिए अपने माता-पिता से चप्पल खरीदने की जिद उनके घर में पहाड़ टूटने से भी बड़ी विपत्ती का रूप ले लेगी। चप्पल खरीदने के विवाद के चलते पति पत्नी के बीच आपसी कलह हुआ और राजकुमार की पत्नी राजकुमारी ने सोमवार की सुबह जहर पी ली। उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने लगातार 24 घंटे तक गहन चिकित्सा कक्ष में रखकर इलाज किए लेकिन उसकी जान बचा पाने में असमर्थ हो गए।

# गर्मी के मौसम में डेंगू का खौफ, किया जा रहा जनता को जागरूक

**जांजगीर- चांपा ।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई को है। इस वर्ष डेंगू दिवस की थीम है समुदाय के सहभागिता से डेंगू नियंत्रण करें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों में जागरूकता लाने जिला स्तरीय, समस्त विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सीएमएचओ ने बताया कि डेंगू बुखार एक आम संचारी रोग है जिसकी मुख्य लक्षण है, तीव्र बुखार, अत्यधिक शरीर में दर्द तथा सिर दर्द। यह एक ऐसी बीमारी है जो समय-समय पर इसे महामारी के रूप में देखा जाता है।



**डेंगू वायरस**

वयस्कों के मुकाबले, बच्चों में इस बीमारी की तीव्रता अधिक होती है। डेंगू वायरस (विषाणु) द्वारा होता है जिसके चार विभिन्न प्रकार (टाइप) है। आम भाषा में इस बीमारी को हड्डी तोड़ बुखार कहा जाता है। क्योकि इसके कारण शरीर व जोड़ों में दर्द होता है। डेंगू बुखार से पीड़ित रोगी के रक्त में डेंगू वायरस काफी मात्रा में होता है। जब कोई एडीज मच्छर किसी रोगी को काटता है तो एडीज मच्छर संक्रमित हो जाता है। डेंगू वायरस से संक्रमित मच्छर किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो लगभग 5-7 दिन में डेंगूका लक्षण प्रकट होता है।

**डेंगू के लक्षण**

साधारण डेंगू बुखार एक स्वंय ठीक होने वाली बीमारी है। लेकिन यदि किसी को डीएचएफ या डीएसएस हैं और तुरन्त उपचार शुरू नहीं किया जाता है तो जान को खतरा हो सकता हैं। इसलिए यह पहचानना अत्यन्त महत्पूर्ण हैं कि साधारण डेंगू बुखार है डीएचएफ या डीएसएस हैं। साधारण डेंगू बुखार ठंड लगने के साथ अचानक बुखार चढ़ना। सिर मांसपेशियों तथा जोडों में दर्द। आंखों के पिछले भाग में दर्द होना जो आंखों को दबाने या हिलाने से और भी बढ़ जाता है।

अत्यधिक कमजोरी लगना ,भूख मेंकमी ,जी मतलाना। मुंह के स्वाद का खराब होना। गले में हल्का सा दर्द होना। रोगी बेहद दुखी तथा बीमार महसूस करता है। शरीर पर लाल ददोरे का होना। शरीर पर लाल -गुलाबी ददोरे निकल सकते हैं। डेंगू बुखार की अवधि लगभग 5-7 दिन तक रहती हैं और रोगी ठीक हो जाता है। अधिकतर मामलों में रोगियों को साधारण डेंगू बुखार ही होता है। साधारण डेंगू बुखार के लक्षण ठीक नही होने कि स्थिति में रक्तस्त्राव (हॅमरेज होने के लक्षण)- नाक, मसूढ़ें से खून जाना, शौच या उल्टी में खून जाना, त्वचा पर गहरे नीले-काले रंग के छोटे या बड़े चकत्ते पड़ जाना आदि रक्तस्त्राव , अत्यधिक बेचैन, धीरे-धीरे होश खोने ये सब डेंगू हॅमरेजिक बुखार एवं डेंगू शॉक सिन्ड्रोम के लक्षण हैंजिन्हे अस्पाताल में भर्ती कर ईलाज किया जा सकता है।

डेंगू बुखार उपचार यदि रोगी को साधारण डेगू बुखार है तो उसका उपचार व देखभाल घर पर की जा सकती है। चूंकि यह स्वंय ठीक होने वाला रोग है इसलिए केवल लाक्षणिक उपचार ही चाहिए। स्वास्थ्य कर्मचारी की सलाह के अनुसार पेरासिटामॉल की गोली या शरबत लेकर बुखार को कम किया जा सकता है। रोगी को डिसप्रिन, एस्प्रीन जैसी दवा कभी ना दें। यदि बुखार 102 डिग्री से अधिक है तो बुखार को कम करने के लिए हाइड्रोथेरेपी (जल चिकित्सा) करें। सामान्य रूप से भोजन देना जारी रखें।

बुखार की स्थिति में शरीर को और अधिक भोजन की आवश्यकता होती है। रोगी को आराम करने दें। जिला चिकित्सालय जांजगीर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जांजगीर ,बीडीएम एवं सभी सामुदायिक,प्राथमिक केंद्रो में शंकास्पद मरीजों के डेंगू जांच की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही डेंगू की पुष्टि जिला चिकित्सालय जांजगीर में की जा सकती है।

**डेंगू से बचाव के उपाय**

शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। घरों में स्थित कुलर, टंकी, ड्रम, बाल्टी के पानी को सप्ताह में एक बार खाली करें। घरों के आसपास पानी जमा होने वाले वस्तुओं जैसे की नारियल के खोल, पुराने टायर,टूटे फूटे बर्तन आदि में पानी जमा न होने दें। पानी संग्रहित बर्तनों को हमेंशा ढ़क कर के रखें।

## अनमोल वचन......

**कल के लिए सबसे अच्छी तैयारी यही है,की आज अच्छा करो!**

## हर समस्या का हल सैनिक अभियान नहीं

*इस्राइल ने दक्षिणी गाजा के शहर राफा में सैनिक अभियान शुरू कर दिया है। सेना ने सोमवार रात को राफा में हवाई हमले किए जिनमें 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इस सैन्य कार्रवाई के बाद इस्राइल और फिलिस्तीन के बीच संभावित युद्ध-विराम के रास्ते बंद हो गए हैं। हैरानी की बात है कि इस्राइल के पैरोकार अमेरिका की अनिच्छा और अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के विरोध के बावजूद इस्राइल गाजा को पूरी तरह तबाह करने पर आमादा है। विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर. इस्राइल और उसके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को शांति की राह छोड़कर युद्ध के पथ पर चलने की ताकत और प्रेरणा कहां से मिल रही है।*

*करीब आठ महीने से चल रहे इस युद्ध के बारे में कहा जा सकता है कि इस्राइल अब आत्मरक्षा के लिए नहीं, बल्कि घरेलू राजनीति में बढ़त बनाने के लिए यह युद्ध लड़ रहा है। हमास युद्ध विराम के लिए तैयार है, लेकिन इस्राइल ने यह कहते हुए इस प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया कि इससे उसकी मुख्य मांगें पूरी नहीं होतीं। गाजा पट्टी के शहर राफा में करीब 14 लाख फिलिस्तीनी शरण लिए हुए हैं जो इस्राइल के ताजा सैन्य अभियान से डरे और सहमे हुए हैं। इनका जीवन संकटग्रस्त है।*

*संयुक्त राष्ट के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने चेतावनी दी है कि राफा में जमीनी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी लेकिन इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने अपने कान बंद कर रखे हैं। इस्राइल के सैनिक अभियान से जाहिर होता है कि वह इसके जरिए अपने बंधकों को रिहा कराना और हमास के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना चाहता है। हालांकि सैन्य कार्रवाई के जरिए बंधकों की रिहाई आसान नहीं है।*

*हकीकत यह है कि इससे बंधकों की जान को खतरा पहुंच सकता है। वास्तव में युद्ध-विराम और शांति समझौते के रास्तों पर आगे बढ़कर ही बंधकों की सुरक्षित रिहाई संभव है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि हर समस्या का हल सैनिक अभियान नहीं हो सकता। आक्रामक सैनिक अभियान से गाजा के मासूम नागरिक ही मारे जाएंगे। अब तक करीब 35 हजार नागरिक मारे गए हैं। इस्राइल को अपने गॉड फादर अमेरिका से सबक लेना चाहिए कि उसे आखिरकार, अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की वापसी क्यों करनी पड़ी। वियतनाम के साथ लड़ाई में उसे क्या हासिल हुआ। बंदूक की गोली से नहीं शांति वार्ता की मेज से ही समस्या का हल निकलेगा। यह सार्वभौमिक सत्य है, जिसे समझा जाना चाहिए।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। लापरवाही का असर आपके रिजल्ट पर पड़ सकता है। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करें।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय जरूर लें। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी।

**कर्क राशिः** आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनाएंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा। **सिंह राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज रुके हुये कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। लवमेट शाम को डिनर साथ में करेंगे, जिससे उनके बीच में और प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। मिलजुल कर किये गए कार्यों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज कम्युनिकेशन के वक्त अपनी बात सही तरह से रखना आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप कॉन्फिडेंस के साथ एक नई शुरुआत करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अनबन आज खत्म हो जाएंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए।करोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आप अपने भाई-बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनाएंगे रखेंगे। आज बच्चों की किसी विशेष समस्या का हल मिलने से राहत मिलेगी। आपका मानसिक सुकून बना रहेगा। कोई धार्मिक यात्रा संबंधी प्रोग्राम भी बन सकता है। आपका मिलनसार व्यवहार आपको लोगों का प्रिय बना देगा। आपके विरोधी आपके बारे में अफवाहें फैलाने का काम कर सकते हैं आप उनको नजरंदाज करें और आगे बढ़ें।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने कार्यों की प्लानिंग कर लेंगे। आज किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। **कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज कामकाज को पूरी गंभीरता से करेंगे। घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग भी बना रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से संबंधित व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा। आज घर में किसी बच्चे की किलकारी संबंधी शुभ सूचना मिलने से खुशी भरा माहौल बन जाएगा।

# सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा

//अजय प्रताप सिंह//

**देश इन दिनों चुनावी माहौल में डूबा हुआ है। इस बीच कुछ आपराधिक संगठन या अराजक तत्वों द्वारा राजधानी दिल्ली और दिल्ली से सटे कई शहरों के करीब सौ स्कूलों में धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इसमें इन शैक्षणिक संस्थाओं को निशाना बनाते हुए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों की गहन जांच-पड़ताल में यह अफवाह साबित हुई हैं।**

इससे पहले दिसम्बर, 2023 में बेंगलुरु के करीब 44 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुष्प विहार स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में फरवरी, 2024 में ईमेल बम की धमकी से हड़कंप मच गया था। पिछले साल मई में मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को धमकी भरा ईमेल मिला था। ईमेल बम और कॉल बम की घटनाएं आम होती जा रही हैं।

साल 2016 के मार्च महीने में जेट एयरवेज की छह फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। अप्रैल, 2023 में डिफेंस कॉलोनी स्थित इंडियन स्कूल में हॉक्स कॉल मिली थी। आये दिन देश के किसी न किसी कोने से ऐसी घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं। ऐसी ही कई घटनाएं हुई जिनमें अज्ञात लोगों द्वारा सरकारी तंत्र, स्कूल, कॉलेज को मेल बम, कॉल बम के जरिए धमकाने का काम किया गया। हालांकि ईमेल बम या कॉल बम की धमकी अधिकांशतः जांच-पड़ताल में फर्जी अफवाह फैलाने तक सीमित पाई गई।

ईमेल बम और कॉल बम के अतिरिक्त कई अन्य माध्यमों से भी शैक्षणिक संस्थानों को निशाना बनाया जाता है। शैक्षणिक संस्थाओं पर साइबर हमले किए जा रहे हैं। 'साइबर थ्रेट टार्गेटिंग द ग्लोबल एजुकेशन सेक्टर' नामक रपट में दावा किया गया है कि भारतीय शैक्षणिक संस्थानों पर साइबर हमलों की आशंका सबसे ज्यादा है। हालांकि अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भी साइबर आक्रमण-प्रवण हैं। शैक्षणिक संस्थाओं पर साइबर हमले के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो पिछले महीने दक्षिण मुंबई स्थित एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल में ईमेल के जरिए साइबर धोखाधड़ी से 87.26 लाख ठगने का काम किया गया।

हालिया दिनों में साइबर हमलों के मामले में शिक्षा संस्थान सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। एक अध्ययन के मुताबिक पिछले साल अप्रैल और जून के बीच शिक्षा क्षेत्र को सात लाख से अधिक साइबर हमलों का सामना करना पड़ा। साल 2022 के शुरु आती महीनों में वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों पर साइबर हमले अधिक हुए। पिछले साल कुल साइबर हमलों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों को 58 फीसद निशाना बनाया गया। इनमें देश के विभिन्न ऑनलाइन शैक्षणिक संस्थान और प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान, तकनीकी शिक्षा निदेशालय भी शामिल थे। हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी साइबर रैंसमवेयर हमले से नहीं बच पाए हैं। देश में तेजी से डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ते शिक्षण संस्थानों में साइबर हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत समेत पूरी दुनिया के शैक्षणिक संस्थानों को रैंसमवेयर वॉयस ने घेर रखा है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद साइबर खतरे तेजी बढ़े हैं। शैक्षणिक संस्थानों में ऐसी अफवाह फैलाने वालों का उद्देश्य क्या हो सकता है? क्या वे इन संस्थानों के आधार को कमजोर करना चाहते हैं, या अभिभावकों और छात्रों को शिक्षा के प्रति भयभीत करने का इरादा है।

ईमेल बम से छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है, ऐसे लोगों का मकसद कुछ भी हो सकता है। देश के शैक्षणिक संस्थानों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। इस प्रश्न का जवाब तो सुरक्षा एजेंसियों के पास भी नहीं मिलेगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शैक्षणिक संस्थान ईमेल बम, कॉल बम और विभिन्न साइबर हमलों को लेकर कितने मुस्तैद हैं। केंद्र और राज्य स्तर पर सभी शैक्षणिक संस्थानों को अपने यहां बाह्य और आंतरिक अपराध निवारण कक्ष का निर्माण करना चाहिए।

शिक्षण संस्थानों की वेबसाइट, ईमेल अड्रेस के साथ ही सभी संपर्क लिंक को केंद्र और राज्यों के मुख्य साइबर अपराध निवारण केंद्र से लिंक करना चाहिए। स्कूल-कॉलेजों में स्वचालित सॉफ्टवेयर स्कैन और ईमेल फिल्टर सॉफ्टवेयर का उपयोग करना चाहिए ताकि किसी भी संदिग्ध संदेश या कॉल से बचा जा सके। स्कैन और फिल्टर सॉफ्टवेयर निर्धारित करेगा कि कौन-सा कॉल, ईमेल उपयोगी है और कौन-सा अनुपयोगी। अनुपयोगी ईमेल और कॉल को ब्लॉक करके मुख्य अपराध निवारण केंद्र तक सचूना पहुंचाई जा सकती है। ग्रामीण इलाकों के स्कूल-कॉलेजों में भी सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा। शिक्षण संस्थानों में ईमेल बम, कॉल बम और विभिन्न साइबर अपराधों को लेकर सप्ताह में एक बार जागरूकता बढ़ाने की कवायद अवश्य की जानी चाहिए।

# सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर निगरानी की कमी

प्रियंका सौरभ

**मानव तस्करी में बल, धमकी या जबरदस्ती जैसे तरीकों का उपयोग करके व्यक्तियों को परिवहन करना, भर्ती करना, स्थानांतरित करना, आश्रय देना और प्राप्त करना शामिल हैं। इन कृत्यों और साधनों का अंतिम उद्देश्य इन व्यक्तियों का शोषण के उद्देश्य से उपयोग करना है। मानव तस्करी के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। पश्चिम बंगाल मानव तस्करी का नया केंद्र बन कर उभरा है। भारत से पश्चिम एशिया, उत्तरी अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में मानव तस्करी होती है। दुनिया भर में मानव तस्करी के पीड़ितों में एक-तिहाई बच्चे होते हैं।**

एक अनुमान के अनुसार पिछले एक दशक में बांग्लादेश से लगभग 5 लाख महिलाएं, लड़कियां और बच्चे अवैध रूप से भारत में लाए गए और यह संख्या साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल आज भारत का सबसे बड़ा सेक्स बाजार बनकर उभरा है। आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। देश भर के कोठों में देह व्यापार करने वाली जो लड़कियां रिहा कराई गई, उनमें प्रति 10 लड़कियों में से 7 उत्तरी और दक्षिणी 24 परगना से लाई जाती हैं।

समाज के सबसे कमजोर वगरे में से एक, जो तस्करी के प्रति अधिक संवेदनशील है, युवा महिलाएं हैं, और ऐसा इसलिए है क्योंकि अधिकांश समाजों में सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महिलाओं को अवमूल्यन और अवांछित माना जाता है। उन जगहों, जहां उनका जीवन दयनीय है, से पलायन करने की इच्छा व्यक्तियों को तस्करों से संपर्क करने के लिए तैयार करती है जो शुरु आती चरणों में उन्हें बेहतर जीवन के वादे के साथ लुभाते हैं, लेकिन एक बार जब पीड़ित उनके नियंत्रण में आ जाते हैं, तो उन्हें झुकाने के लिए जबरदस्ती के उपाय लागू किए जाते हैं। अन्य कारण हैं सीमाओं की छिद्रपूर्ण प्रकृति, भ्रष्ट सरकारी अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक समूहों या नेटवर्क की भागीदारी और सीमाओं को नियंत्रित करने के लिए आव्रजन और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की सीमित क्षमता या प्रतिबद्धता।

पिछले कुछ वर्षों में तस्करी का खतरा ड्रग सिंडिकेट के बराबर एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट बन गया है। इसने पैसे और भ्रष्ट राजनेताओं की मदद से समाज में अपनी जड़ें गहरी जमा ली हैं। भारतीय कानूनी ढांचे में ठोस परिभाषाओं की कमी भी इस उद्देश्य में मदद नहीं करती है क्योंकि विभिन्न तस्कर कानूनी पण्रालियों में तकनीकी खामियों के आधार पर छूट जाते हैं। ठोस परिभाषाओं के बिना भी, कानून पर्याप्त होने चाहिए थे, लेकिन भारत में इन कानूनों के कार्यान्वयन में बहुत कुछ अधूरा रह गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर निगरानी की कमी ने तस्करों के लिए अपना व्यापार जारी रखने के लिए एक नया मंच खोल दिया है। तस्करी की समस्या पर डेटा अपर्याप्त हैं, इसलिए तस्करों के पैटर्न और कार्य तंत्र उतने स्पष्ट नहीं हैं, जितने होने चाहिए। यहां तक कि जब पीड़ितों को तस्करों से बरामद किया जाता है तो उनका पुनर्वास इस तरह से नहीं किया जाता कि वे दोबारा तस्करी का शिकार न हों। मानव तस्करी वर्तमान विश्व के सम्मुख उपस्थित कई बड़ी समस्याओं में से एक है। तमाम कोशिशों के बावजूद इसे रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है, और न केवल अल्प-विकसित तथा विकासशील देश, बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। मानव तस्करी भारत की भी प्रमुख समस्याओं में से एक है।

# बेबी रेनडियर साबित करता है कि इंसान वही बन जाता है जिससे वे सबसे ज्यादा नफरत

**प्राचीन योगिक ज्ञान कहता है कि हम अक्सर वही बन जाते हैं जिससे हम सबसे ज्यादा नफरत करते हैं। हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई लोकप्रिय ओटीटी सीरीज़ बेबी रेनडियर पर दर्शकों की प्रतिक्रिया इस धारणा को सच साबित करती है। श्रृंखला एक हास्य अभिनेता, डॉनी पर आधारित है, जिसका जीवन तब सुलझता है जब मार्था नाम की एक महिला उसका पीछा करती है, उसे परेशान करती है और उसका बार-बार उल्लंघन करती है। श्रृंखला में डॉनी की दुर्दशा से दर्शक इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने वास्तविक जीवन की महिला फियोना हार्वे को ढूंढ लिया, जिसने स्पष्ट रूप से श्रृंखला में मार्था के चरित्र को प्रेरित किया था, और उसे परेशान करना शुरू कर दिया। दर्शकों में इस तरह की गहरी प्रतिक्रिया पैदा करना श्रृंखला की सफलता का प्रमाण है, लेकिन यह विडंबनापूर्ण है कि दर्शकों ने वास्तविक जीवन में हार्वे को उसी तरह की हिंसा का शिकार बनाया है जिससे वे रील पर क्रोधित हुए थे।**



सर - दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी के मानदंडों के अनुसार, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वर्ष के होने पर संभवतः 2025 में राजनीति से संन्यास लेने का मुद्दा उठाया है। .., 12 मई)। वास्तव में, मोदी जैसे वरिष्ठ नेताओं को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले लेनी चाहिए ताकि युवा राजनेता आगे आ सकें और ऐसी नीतियां बना सकें जो वर्तमान समय के लिए अधिक उपयुक्त हों। मोदी के पद छोड़ने से यह संदेश जाएगा कि कोई भी राजनीतिक दल केवल एक व्यक्ति के नेतृत्व पर निर्भर नहीं होता है। आख़िरकार, महान, पौराणिक राजनीतिज्ञ, विदुर को भी हस्तिनापुर से सेवानिवृत्त होना पड़ा। सर-अरविंद केजरीवाल के इस सवाल पर कि क्या नरेंद्र मोदी भाजपा के सेवानिवृत्ति नियम का पालन करेंगे, बहस छिड़ गई है। यह नीति कई वर्षों से लागू है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कहा था कि भाजपा ने 75 वर्ष से अधिक उम्र के उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया है। केजरीवाल के सवाल से पता चलता है कि मोदी को वोट देने का मतलब होगा कि शाह भविष्य में किसी समय प्रधानमंत्री के रूप में देश की कमान संभालेंगे। इससे यह चिंता भी पैदा हो गई है कि शाह मोदी की गारंटी पूरी नहीं करेंगे। हालाँकि, शाह ने केजरीवाल के बयानों का खंडन करने में कोई समय नहीं गंवाया ...अमित शाह को गलत कदम पर पकड़ा, 12 मई)। यदि इंडिया ब्लॉक चुनाव जीतता है, तो मोदी को इस दुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा कि नियमों के प्रति प्रतिबद्ध रहें या उन्हें मोड़ें। महोदय - सुप्रीम कोर्ट ने 2016 पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग द्वारा भर्ती किए गए लगभग 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नौकरियों को तत्काल समाप्त करने से रोकने के लिए एक अंतरिम स्थगन आदेश पारित किया है (अभी रुकें, 13 मई)। कोर्ट ने सही कहा कि अगर दागी और बेदाग उम्मीदवारों को अलग किया जा सकता है तो सभी नियुक्तियों को रद्द करना अनुचित होगा। वैध नियुक्तियों को अवैध नियुक्तियों से अलग करने वाला डेटा जारी करने का दायित्व WBSSC पर है। डेटा उपलब्ध होने के बाद सरकार को भी इस पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। महोदय - लगभग 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अंतरिम रोक ने उम्मीदवारों को अस्थायी राहत प्रदान की है। सरकार को इसमें शामिल सभी दलों की चिंताओं का समाधान करने की जरूरत है, जिनमें अवैध रूप से भर्ती किए गए उम्मीदवार भी शामिल हैं क्योंकि वे भी भ्रष्ट व्यवस्था के शिकार हैं। सौम्यजीत साहा, मुर्शिदाबाद अशांत हवा महोदय - विवादों का समाधान और उसके बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों द्वारा हड़ताल वापस लेना उत्साहजनक है (एआई एक्सप्रेस चालक दल ने आंदोलन वापस लिया, 10 मई)। हड़ताल के कारण उड़ानों का कार्यक्रम बाधित हो गया और कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई। हालाँकि टाटा समूह विलय और अधिग्रहण से निपटने में माहिर है, लेकिन एयर इंडिया एक्सप्रेस के संबंध में इसका ढुलमुल रवैया चिंताजनक है। एयर इंडिया के चालक दल के सदस्यों को भी टाटा द्वारा अधिग्रहण के कारण अपनी कार्य संस्कृति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का सामना करना पड़ा है और उन्हें परिवर्तनों के अनुकूल होना होगा।

अर्धेन्दु चक्रवर्ती, कलकत्ता महोदय - महामारी के दौरान हुए नुकसान से लगातार उबरने के बावजूद, विमानन क्षेत्र को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दशक में विलय और अधिग्रहण न केवल उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने में विफल रहे हैं, बल्कि विभिन्न एयरलाइनों के कर्मचारियों पर भी दबाव डाल रहे हैं। इसके अलावा, घरेलू विमानन उद्योग वास्तव में इंडिगो और टाटा के स्वामित्व वाली एयरलाइंस के बीच एकाधिकार बन गया है, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक हवाई किराए और खराब सेवाएं हैं। छोटे-छोटे मुद्दों पर चालक दल और प्रबंधन के बीच सार्वजनिक विवाद वाहकों की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं। एक प्रतिस्पर्धी माहौल जो सतत विकास सुनिश्चित करता है, विमानन क्षेत्र को बचा सकता है। विजय सिंह अधिकारी,नैनीताल आशा ख़त्म हो गयी सर - मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल में ज़ेनोट्रांसप्लांटेशन के माध्यम से पोर्सिन किडनी प्राप्त करने वाले रिचर्ड स्लेमैन का सर्जरी के दो महीने बाद निधन हो गया है (सुअर किडनी ट्रांसप्लांट अग्रणी नहीं रहे, 13 मई)। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इस ऑपरेशन ने दुनिया भर के कई असाध्य रोगियों में उम्मीद जगाई थी।

## तस्वीरों की दुनिया



मुंबई में लोकसभा चुनाव के लिए रोड शो के दौरान आरपीआई नेता रामदास अठावले और केंद्रीय मंत्री और उत्तरी मुंबई सीट से भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मोतिहारी में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के डिंडोरी में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित किया।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ओडिशा के बलांगी में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच एक सार्वजनिक बैठक में बोल रहे हैं।



नई दिल्ली में लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता जय किसान दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हो गए।



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार के दौरान जनता को संबोधित किया।




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रोहतक में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

# वाराणसी से नहीं कर पाया नामांकन तो खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



**नईदिल्ली, 16 मई [एजेंसी]।**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को तमिलनाडु के एक किसान नेता की वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। यह वही सीट है जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मैदान में हैं। याचिका की निंदा करते हुए इसे प्रचार हित याचिका बताया गया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा, आप वापस लेना चाहते हैं, हम आपको वापस लेने की अनुमति दे सकते हैं। यदि आप चाहते हैं कि हम इसे खारिज करें, तो हम इसे खारिज कर सकते हैं। ये सभी प्रचार हित याचिकाएं हैं। तमिलनाडु के त्रिची के मूल निवासी और नेशनल साउथ इंडियन रिवर इंटरलिंकिंग एग्रीकल्चरिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष पी अय्याकन्नू की ओर से पेश वकील एस महेंद्रन ने दावा किया कि अय्याकन्नू को 10 मई को रेलवे सुरक्षा कर्मियों ने वाराणसी जाने वाली ट्रेन से उतार दिया था। वह सीट से नामांकन दाखिल करने जा रहे थे।जज ने यहां तक कहा कि याचिका का पूरा मकसद प्रचार था और इसका खारिज होना भी एक खबर बनेगी। किसान नेता पी अय्याकन्नू ने वाराणसी में अपना नामांकन भरने के लिए समय बढ़ाने की मांग की थी। अय्याकन्नू के वकील महेंद्र की दलील थी कि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 14 मई थी और प्रधानमंत्री मोदी ने भी 14 को ही अपना नामांकन दाखिल किया था।

## केरल में समय से पहले दस्तक देगा मानसून, आईएमडी का अलर्ट जारी



**नई दिल्ली।** इस बार मानसून समय से पहले पहुंच सकता है। केरल में दक्षिण पश्चिम मानसून इस बार 31 मई को पहुंच सकता है। आमतौर पर राज्य में मानसून एक जून को आता है। इस बात की जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दी। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से कहा गया है, इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल में 31 मई को दस्तक दे सकता है।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा कि इस साल, दक्षिण-पश्चिम मानसून चार दिनों की मॉडल त्रुटि के साथ 31 मई को केरल में पहुंचने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बुधवार को बताया कि यह जल्दी नहीं है। यह सामान्य तारीख के करीब है क्योंकि केरल में मानसून की शुरुआत की सामान्य तारीख 1 जून है। पिछले महीने, आईएमडी ने जून से सितंबर तक चलने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था। जून और जुलाई को कृषि के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानसूनी महीने माना जाता है क्योंकि इस अवधि में खरीफ फसल की अधिकांश बुआई होती है।

# गुलाम जम्मू-कश्मीर में हो रही है हलचल, पीओजेके को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कही ये बड़ी बात

**नईदिल्ली, 16 मई [एजेंसी]।**



गुलाम जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में अशांति पर टिप्पणी करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उन्हें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि वहां रहने वाले लोग अपनी स्थिति की तुलना जम्मू-कश्मीर के लोगों से करेंगे। जयशंकर ने कहा, गुलाम जम्मू-कश्मीर में हलचल हो रही है।आप इसे इंटरनेट मीडिया या टेलीविजन पर देख सकते हैं। इसका विश्लेषण बहुत जटिल है, लेकिन निश्चित रूप से मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि पीओजेके में रहने वाले लोग अपनी स्थिति की तुलना जम्मू-कश्मीर के लोगों से कर रहे हैं।विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी तरफ के लोग वास्तव में प्रगति कर रहे हैं। दूसरे पक्ष के लोगों को कब्जे में होने, भेदभाव होने और बुरा व्यवहार होने का अहसास है। स्पष्ट रूप से ऐसी कोई भी तुलना उनके दिमाग में घर कर जाएगी। पीओजेके के भारत में विलय पर जयशंकर ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर का वह हिस्सा हमेशा हमारा था और रहेगा। बिजली मूल्य के उचित निर्धारण और रियायती आटे की मांगें पूरा करने के लिए इस्लामाबाद द्वारा अनुदान की घोषणा के बाद गुलाम जम्मू-कश्मीर में हिंसक विरोध प्रदर्शन रुक गया है। हालांकि, ब्रिटेन स्थित-यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों को दोहराया है। यूकेपीएनपी ने अन्याय, असमानता और प्राकृतिक संसाधनों की व्यवस्थित लूट को स्थायी मुद्दों के रूप में उद्धृत करते हुए मानवाधिकारों के दशकों से चले आ रहे उल्लंघन का जिक्र किया। पार्टी ने हिंसा भड़कने की निंदा की और इसके लिए अर्ध-सैनिक बलों की तैनाती को जिम्मेदार ठहराया, जो अपने अमानवीय कार्यों के लिए कुख्यात हैं।न्यूज एजेंसी एएनआइ के अनुसार, गुलाम जम्मू-कश्मीर के प्रमुख कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने पीओजेके सरकार द्वारा जारी एक हालिया अधिसूचना पर गंभीर चिंता जताई है।

13 मई को जारी अधिसूचना का उद्देश्य बिजली दरों और टैक्स को कम करना था, लेकिन मिर्जा ने इसे अस्पष्ट और धोखाधड़ी वाला माना है। मिर्जा के अनुसार, जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी का नेतृत्व अधिसूचना को स्वीकार करने और आंदोलन को बंद करने से पहले कानूनी सलाह लेने में विफल रहा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कैबिनेट की बैठक के दौरान पीओजेके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता जताई और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

# सेना पर राहुल गांधी की टिप्पणी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा ईसी से किया कांग्रेस नेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह

**नईदिल्ली, 16 मई [एजेंसी]।**



भाजपा ने बुधवार को चुनाव आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ उनकी उस टिप्पणी के लिए कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। राहुल गांधी ने कहा था कि मोदी सरकार ने सैनिकों की दो श्रेणियां बनाई हैं, जिनमें से एक गरीब परिवारों और आरक्षित वर्गों से है और दूसरी अमीर परिवारों से है।केंद्रीय मंत्रियों एस जयशंकर, अर्जुन राम मेघवाल, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और राजीव चंद्रशेखर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग में राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद जयशंकर ने संवाददाताओं से कहा कि कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने कहा था कि नरेन्द्र मोदी ने दो तरह के सैनिक तैयार किए हैं, पहले में गरीबों के बेटे और वंचित, आदिवासी, पिछड़े, सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अल्पसंख्यक शामिल हैं जबकि दूसरे में वे लोग हैं जो अमीरों के बेटे हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह झूठ है। यह हमारे सशस्त्र बलों पर हमला है। वे इसे एक विवादास्पद विषय बनाना चाहते हैं और सशस्त्र बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं। यह चुनाव का विषय नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। गांधी ने सैनिकों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना पर मोदी सरकार पर हमला करते हुए रायबरेली में हाल ही में एक चुनावी रैली में टिप्पणी की थी।


जयशंकर ने राहुल की टिप्पणी को बहुत गंभीर बताया और कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने इसे चुनाव आयोग के संज्ञान में लाया और उससे कांग्रेस नेता के खिलाफ बहुत सख्त कार्रवाई करने और उन्हें अपनी टिप्पणी वापस लेने के लिए कहने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि अगर चुनाव के दौरान सेना पर ऐसे हमले किए जाते हैं, जो हमारी सीमाओं पर तैनात है और देश को चीनी बलों से सुरक्षित रखने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल कर रही है। पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी सेना पर बिना किसी कारण के और झूठ फैलाकर हमला करते हैं और कहते हैं कि अगर वे शहीद हो गए तो सरकार उनके लिए कुछ नहीं करेगी तो हम इस पर गंभीर आपत्ति जताते हैं। जयशंकर ने कहा कि सशस्त्र बलों के खिलाफ इस तरह के हमले देश के लिए बहुत खतरनाक हैं।

## प्रख्यात कथाकार मालती जोशी का 90 वर्ष की उम्र में निधन, कैंसर से थीं पीड़ित

**नईदिल्ली, 16 मई [एजेंसी]।**

पद्मश्री से अलंकृत लोकप्रिय कथाकार मालती जोशी का बुधवार को दिल्ली में निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। वे पिछले कुछ समय से आइसोफेगस के कैंसर से पीड़ित थीं। पचास से अधिक हिन्दी और मराठी कथा संग्रहों की लेखिका मालती जोशी, शिवानी के बाद हिन्दी की सबसे लोकप्रिय कथाकार मानी जाती हैं। उनके साहित्य पर देश के कई विश्वविद्यालयों में शोध कार्य हुए हैं। महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर के एक मध्यमवर्गीय मराठी परिवार में 4 जून, 1934 को उनका जन्म हुआ। वह किशोरावस्था से ही लेखन कार्य करने लगी थीं। खास बात यह कि मालती जोशी के लेखन की शुरुआत भी कविता से हुई। अपनी आत्मकथा में उन दिनों को याद करते हुए उन्होंने लिखा है, मुझमें तब कविता के अंकुर फूटने लगे थे। कॉलेज के जमाने में इतने गीत लिखे कि लोगों ने मुझे मालव की मीरा की उपाधि दे डाली पर अब कविता छूट गयी है, रूठ गयी है। उनकी पहली कहानी साल 1971 में धर्मयुग में भेजी, जिसके छपने के बाद तो वह भारतीय साहित्य, खासकर हिंदी जगत के पाठकों की चहेती लेखिका बन गईं। यह और बात है कि कालांतर में उनकी कहानियां मराठी, उर्दू, बांग्ला, तमिल, तेलुगू, पंजाबी, मलयालम, कन्नड के साथ अंग्रेजी, रूसी तथा जापानी भाषाओं में भी अनूदित हो कर छप चुके हैं।

## रूस ने फिर दिखाई अमेरिका को आंख! ब्लिंकन के यूक्रेन में रहते किया ये कारनामा, कई अमेरिकी निर्मित मिसाइलों को किया खाक



**रूस, 16 मई [एजेंसी]।**

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की यूक्रेन यात्रा के बीच क्रीमिया को लक्षित कर बुधवार तड़के दागी गईं 10 मिसाइलों को रूस ने मार गिराने का दावा किया है। रूस ने कहा कि ये एटीएसीएमएस मिसाइलें यूक्रेन को अमेरिका ने आपूर्ति की थीं। इसके साथ ही रूसी विदेश मंत्रालय ने ब्लिंकन की यूक्रेन यात्रा को अग्रिम मोर्चे पर अमेरिकी दखल का संकेत बताया है। इसे यूक्रेन की सेना की विफलता करार दिया। सेवस्तोपोलके गवर्नर मिखाइल रजवोझयेव ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन ने काला सागर के ऊपर से क्रीमिया की ओर मिसाइलें दागी थीं। इसे बेलबेक एयरबेस के पास रूसी एयर डिफेंस ने मार गिराया।

नष्ट किए गए मिसाइल के टुकड़े आवासीय इलाकों में गिरे, लेकिन उससे कोई जनहानि नहीं हुई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इसी तरह रूसी एयर डिफेंस ने बुधवार तड़के बेलगोरोद क्षेत्र में भी नौ यूक्रेनी ड्रोन, दो विल्हा राकेट, दो एंटी-रडार एचएआरएम मिसाइल और दो हैमर गाइडेड बमों को मार गिराया। इसके अलावा रूसी सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में पांच और ब्रयांस्क रीजन में भी तीन यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रक्षा मंत्रालय ने यह भी कहा कि तातारस्तान क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया। तातारस्तान यूक्रेन के साथ सीमा से 1,000 किलोमीटर पूर्व में स्थित है।यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने आगामी स्पेन व पुर्तगाल की यात्राएं स्थगित कर दी हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि जेलेंस्की ने यात्रा को फिर से निर्धारित करने को कहा है। विदेश यात्राएं स्थगित करने का कोई कारण नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा कि रूस के तेज होते हमलों के मद्देनजर यह निर्णय लिया है।

## अब चीन की खैर नहीं! भारतीय सेना ने चीनी सीमा के पास स्थापित की टैंक मरम्मत सुविधा, गतिरोध के बाद उठाया कदम



**नईदिल्ली, 16 मई [एजेंसी]।**

भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में अपने 500 से अधिक टैंकों और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों को तैनात करने के साथ दुनिया की दो सबसे ऊंची टैंक मरम्मत सुविधाएं स्थापित करके एक तरह का रिकार्ड बनाया है। भारतीय सेना ने चीन सीमा के पास न्योमा और डीबीओ सेक्टर में 14,500 फीट से अधिक की ऊंचाई पर दो बख्तरबंद वाहन रखरखाव और मरम्मत सुविधाएं स्थापित की हैं। यह टैंक और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों के लिए दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र है। अप्रैल-मई 2020 में चीन की आक्रामकता से उत्पन्न गतिरोध के बाद भारत की ओर से पूर्वी लद्दाख में बड़ी संख्या में टैंक और बीएमपी लड़ाकू वाहनों के साथ-साथ क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल जैसे भारतीय निर्मित बख्तरबंद वाहनों को वहां तैनात किया गया है।भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि टैंक और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों को इन अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जहां रखरखाव और मरम्मत के लिए उन्हें वापस लाना बहुत मुश्किल है। भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जहां तापमान बेहद कम है, टी-90 और टी-72, बीएमपी और के-9वज्र स्व-चालित होवित्जर सहित अपने टैंकों को रखने के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है।

# चाबहार डील के बाद भारत ने अब ईरान पर इस मामले में बनाया दबाव



**नईदिल्ली, 16 मई [एजेंसी]।**

भारत ने बंधक नाविकों को छोड़ने के लिए ईरान पर दबाव बढ़ा दिया है। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ बैठक के दौरान यह मुद्दा उठाया। साथ ही कहा कि 40 भारतीय नाविकों को ईरान जल्द से जल्द रिहा करे। पिछले आठ महीनों में फारस की खाड़ी में जब्त किए गए व्यापारिक जहाजों से उन्हें हिरासत में लिया गया है।सूत्रों ने बताया कि ईरानी पक्ष के अनुरोध के बाद सोनोवाल और अब्दुल्लाहियन के बीच बैठक हुई थी, जहां द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई। अब्दुल्लाहियन ने कहा है कि तेहरान भारतीय नाविकों की रिहाई पर सकारात्मक है, लेकिन इसमें देरी हो रही है क्योंकि कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना होगा।

सूत्रों ने कहा कि भारतीय नाविक चार जहाजों स्टीवन, ग्लोबल चेरिलिन, मार्गोल और एमएससी एरीज में काम कर रहे थे। स्टीवन को 12 सितंबर 2023 को तस्करी के आरोप में ईरानी तटरक्षकों द्वारा जब्त किया गया था और चालक दल को हिरासत में ले लिया गया था। जहाज पर चालक दल के नौ भारतीय सदस्य थे। ईरान ने अब तक जहाज के भारतीय नाविकों को राजनयिक पहुंच नहीं दी है और तेहरान में भारतीय दूतावास ईरानी अधिकारियों के साथ नियमित रूप से संपर्क में हैं।

### बेंगलुरू जा रही उड़ान में आई तकनीकी खराबी देर रात को एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा

**भोपाल।** मौसम खराब होने कई फ्लाइट्स देर से चल रही हैं। बुधवार को इंडिगो की बेंगलुरू इवनिंग उड़ान तय समय से करीब एक घंटे की देरी रात को 10.25 बजे भोपाल पहुंची। देर रात को उड़ान संख्या 6-ई 6466 वापस बेंगलुरु रवाना होने वाली थी, अचानक इसमें तकनीकी खराबी आ गई।बताया जाता है की उड़ान रन वे से वापस लौट आई। खराबी ठीक नहीं होने के कारण इसे देर रात को निरस्त कर दिया गया। इस उड़ान से बेंगलुरु जा रहे यात्रियों को परेशान होना पड़ा। यात्रियों ने देर रात को एयरपोर्ट पर हंगामा कर दिया। इंडिगो वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर सका। सुबह की दिल्ली उड़ान एवं मुंबई उड़ान भी 30 मिनट की देरी से पहुंची।

# यूपीए ने भारत की आर्थिक विकास की संभावना को कर दिया था बर्बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने देश की Economy को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

**नईदिल्ली, 16 मई [एजेंसी]।**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वर्ष 2004-14 के बीच यूपीए की सरकार ने भारत के आर्थिक विकास की संभावना को बर्बाद कर दिया और भारत को वित्तीय रूप से पांच कमजोर देशों में शामिल करा दिया। बुधवार को एक्स पर किए गए पोस्ट में सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए काल में भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़े लगभग सभी क्षेत्रों की अनदेखी की गई या इनका प्रबंधन ठीक से नहीं किया गया। इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सड़क, रेलवे, बिजली जैसे सेक्टर के विकास की अनदेखी करने के साथ लंबे समय में भारत के विकास को लेकर कोई नीति नहीं बनाई गई। सीतारमण ने अपने पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की तरफ से वर्ष 2014 में जारी एक पेपर के हवाले से कहा कि यूपीए काल में नीतिगत अनिश्चितता, परियोजनाओं की मंजूरी में देरी और सप्लाई में बाधा की वजह से निवेश की गति धीमी हो गई। रेलवे के पुल निर्माण से जुड़े काम के आवंटन में औसतन 43 माह लगते थे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में रेलवे के पूंजीगत व्यय के लिए 2.43 लाख करोड़ का आवंटन किया गया जो वर्ष 2004-05 की तुलना में 30 गुना तो वर्ष 2013-14 की तुलना में आठ गुना अधिक है। उन्होंने बताया कि यूपीए के कार्यकाल में कुल खर्च में इंफ्रा की हिस्सेदारी में तेजी से गिरावट हुई। वर्ष 2003-04 में कुल खर्च में इंफ्रा की हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी जो वर्ष 2005-14 के दौरान औसतन 12 प्रतिशत रह गई। वहीं, एनडीए के काल में कुल खर्च में इंफ्रा खर्च की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत से बढ़कर 21 प्रतिशत हो गई।

## क्या पश्चिम बंगाल और पंजाब में बढ़ेगा ओबीसी आरक्षण का कोटा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने दे दिया ये अहम सुझाव

**नई दिल्ली 16 मई।** लोकसभा चुनाव में आरक्षण को लेकर गरमाई चर्चा के बीच राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने पश्चिम बंगाल व पंजाब की राज्य सरकारों से अन्य पिछड़ा वर्ग ( ओबीसी) आरक्षण के अपने कोटे को बढ़ाने का सुझाव दिया है। आयोग ने दोनों राज्यों को लिखे पत्र में पंजाब को राज्य सरकार की नौकरियों में ओबीसी आरक्षण को 13 प्रतिशत व शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में 15 प्रतिशत तक बढ़ाने की सिफारिश की है। वहीं, पश्चिम बंगाल से राज्य सरकार की नौकरियों में आरक्षण की 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा से बच रहे पांच प्रतिशत के हिस्से को भी ओबीसी को देने की सिफारिश की है। आयोग ने पंजाब व पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों को लिखे पत्र में राज्य में आरक्षण को लेकर स्थिति स्पष्ट की है, जबकि पंजाब सरकार को लिखे पत्र में कहा है कि उनके यहां मौजूदा समय में नौकरियों में एससी के लिए 25 प्रतिशत व ओबीसी के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। ऐसे में राज्य में सरकारी नौकरियों में 37 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है।

# जीएसटी के सभी मामलों में गिरफ्तारी जरूरी नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- गिरफ्तार करने लिए होने चाहिए विश्वसनीय सबूत और ठोस सामग्री

**नईदिल्ली, 16 मई [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सभी मामलों में गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं है। ऐसा तभी किया जा सकता है जब दोषी साबित करने के लिए विश्वसनीय सुबूत और ठोस सामग्री हो। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस एमएम सुंद्रेश और जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम और वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम से संबंधित प्रविधानों की संवैधानिक वैधता और व्याख्या को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि गिरफ्तारी की आवश्यकता से गिरफ्तारी की शक्ति अलग है।पीठ ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा, कानून नहीं कहता कि जांच पूरी करने के लिए गिरफ्तारी की जानी चाहिए। कानून का यह उद्देश्य नहीं है। जीएसटी के प्रत्येक मामले में आपको गिरफ्तारी करनी जरूरी नहीं है। यह कुछ विश्वसनीय साक्ष्य एवं ठोस सामग्री पर आधारित होनी चाहिए। पीठ ने जीएसटी कानून के तहत गिरफ्तारी के प्रविधानों पर राजू से कई सवाल पूछे और कहा कि कानून ने स्वयं स्वतंत्रता को उच्च स्तर पर रखा है और इसे कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। राजू ने कहा कि ज्यादातर गिरफ्तारियां जांच के दौरान की जाती हैं क्योंकि किसी मामले में जांच पूरी होने के बाद कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, गिरफ्तारी केवल संदेह पर आधारित नहीं होती, बल्कि तब की जाती है जब यह विश्वास करने के कारण होते हैं कि कोई गंभीर अपराध घटित होने के संकेत हैं। उन्होंने कहा कि विश्वास करने के कारण अपराध घटित होने की सख्त व्याख्या पर आधारित नहीं हो सकते।पीठ ने कहा कि वह सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के तहत विश्वास करने के कारण और गिरफ्तारी के आधार के सवाल की जांच करेगी। साथ ही कहा कि जहां जीएसटी अधिकारियों द्वारा मनमानी की घटनाएं हुई हैं, वहीं करदाताओं की ओर से भी गलत काम करने के मामले हैं और वह अपना फैसला देते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखेगी। सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के विभिन्न प्रविधानों को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं ने दोनों कानूनों के तहत गिरफ्तारी के प्रविधानों के घोर दुरुपयोग का आरोप लगाया है।



उनका आरोप है कि उन्हें धमकाया जा रहा है और कानूनों के तहत उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना देनदारी का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जीएसटी अधिनियम की धारा-69 गिरफ्तारी की शक्तियों से संबंधित है, जबकि 1962 के सीमा शुल्क अधिनियम की धारा-104 एक अधिकारी को किसी को भी गिरफ्तार करने की अनुमति देती है, अगर उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि उक्त व्यक्ति ने अपराध किया है। उल्लेखनीय है कि नौ मई को भी शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा था कि जीएसटी अधिनियम के तहत कोई भी गिरफ्तारी केवल संदेह के आधार पर नहीं, बल्कि ठोस सामग्री के आधार पर और उचित प्रक्रिया के अनुपालन में होनी चाहिए।

# गर्मियों की छुट्टियों में जाएं चमोली 3 दिन की ट्रिप पर, इस तरह करें प्लान

**भीषण गर्मी से अगर आप भी परेशान हो गए है, तो आप ठंडी-ठंडी जगहों पर घूमने जाएं। एक अलग ही मजा आता है। इसलिए कई लोग गर्मियों के मौसम में उत्तराखंड की हसीन वादियो में घूमने के लिए पहुंचे जाते हैं। दिल्ली की गर्मी लोगों काफी परेशान करती है। अगर आप भी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो 3-4 दिनों के लिए ठंडी जगहों पर परिवार, दोस्त या पार्टनर के साथ छुट्टियां मनाने के लिए ठंडी जगह पहुंच जाएं। इस लेख में हम आपको दिल्ली से 3 दिन चमोली घूमने का बेहतरीन प्लान बताने जा रहे हैं।**



अगर आप हवाई मार्ग से चमोली जाना चाहते हैं, तो दिल्ली से जॉली ग्रांट हवाई अड्डा, देहरादून पहुंच सकते हैं। जॉली ग्रांट एयरपोर्ट से टैक्सी या कैब लेकर आप आसानी से चमोली पहुंच सकते हैं। जॉली ग्रांट एयरपोर्ट से चमोली की दूरी करीब 232 किमी है।

ट्रेन के माध्यम से भी आप चमोली पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप दिल्ली से हरिद्वार या देहरादून रेलवे स्टेशन पहुंच सकते हैं। इन दोनों ही स्थानों से चमोली के लिए बसे चलती रहती है। हरिद्वार रेलवे स्टेशन से 174 और देहरादून रेलवे स्टेशन से 177 किमी की दूरी पर चमोली मौजूद है। दिल्ली में स्थित कश्मीरी गेट बस स्टैंड से उत्तराखंड बस सर्विस की बस लेकर आप आसानी से चमोली की हसीन वादियों में पहुंच सकते हैं। चमोली की हसीन वादियों में घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन और शानदार जगहें मौजूद हैं। यहां आप एडवेंचर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हो। चमोली उत्तराखंड का एक प्रमुख जिला है, जिसके अंतगर्त औली जैसी शानदार और सुंदर जगह है। औली में आप नंदा देवी पर्वत , गुर्सन बुग्याल, त्रिशूल पीक, चिनाब झील और छात्रा कुंड जैसी शानदार जगहों को एक्स्प्लोर कर सकते हैं। चमोली जिले में स्थित गोपेश्वर के चर्चित पर्यटन केंद्र होने के साथ- साथ एक पवित्र स्थल भी है। गोरेश्वर भगवान शिव के गोपेश्वर मंदिर के लिए पूरे भारत में फेमस है। पहाड़ी की चोटी पर मौजूद होने के चलते यहां हर दिन हजारों लोग घूमने आते हैं।

# शबाना आजमी को फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है



अनुभवी अभिनेत्री शबाना आजमी को भारतीय सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान और महिला अधिकारों के प्रचारक के रूप में फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अभिनेत्री वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में सिनेमा में अपने 50 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए लंदन में थीं। इस दौरान उन्हें इस समारोह में सम्मान मिला. बता दें कि यह पुरस्कार उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है

लंदन में सम्मान पाने के बाद उन्होंने कहा, फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन अवॉर्ड पाकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सिनेमा और सक्रियता की शक्ति का प्रमाण है कि हम सीमाओं को पार करने और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने में सक्षम हैं। अनुभवी अभिनेता ने यह भी कहा कि वह इस मान्यता के लिए आभारी हैं और सकारात्मक बदलाव की वकालत करने के लिए हमेशा अपनी आवाज और मंच का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इंस्टाग्राम पर शबाना आजमी की पोस्ट

दिग्गज अभिनेता ने सम्मान प्राप्त करते हुए एक तस्वीर भी अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर पोस्ट की। 10 मई 2024 को गुल्ड हॉल में लंदन कॉर्पोरेशन द्वारा लंदन में सबसे पुराना पुरस्कार फ्रीडम टू सिटी पुरस्कार प्राप्त करने से अभिभूत हूं। पिछले प्राप्तकर्ता सनेल्सन मंडेला, सस्टीफन हॉकिन और सफ्लोरेंस नाइटिंगेल हैं। बता दें, शबाना आजमी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कार और छह फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने 1974 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की और जल्द ही पैरेलल सिनेमा की अग्रणी अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई रत्न दिए हैं। इस सूची में अर्थ, मसून, मंडी, अंकुर, द टच, फायर, पार, निशांत, गॉडमदर, मकड़ी, अमर अखबार एंथोनी और नीरजा जैसे नाम शामिल हैं।

# गुस्से से अपनी ही हालत बिगाड़ लेते हैं आप यकीन न हो तो खुद पढ़ लीजिए यह स्टडी

क्या आपको भी छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है. आप काफी ज्यादा अग्रेसिव हो जाते हैं. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि यह आपकी बर्बादी का कारण बन सकता है. यह सीधा आपकी सेहत से जुड़ा हुआ है.

अगर आप किसी पर चिल्ला रहे हैं तो बात-बात पर झल्ला रहे हैं. तो ब्लड वेसल्स को इस्किमिया पर रिस्पॉन्ड करना जिसके कारण ब्लड फ्लो को रेगुलेट करने के साथ-साथ कार्डियोवैस्कुलर होमियोस्टेसिस का खतरा बढ़ता है.

दिल के लिए अच्छा नहीं है गुस्सा

जर्नल ऑफ अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में छपी एक स्टडी के मुताबिक एंडोथेलियम-डिपेंडेंट वासोडिलेशन पर उकसाए गए एंग्जाइटी और उदासी का कोई स्टैटिकल रूप से कोई नेगेटिव प्रभाव नहीं पड़ा है.

कैसे पहुंचता है नुकसान?

जब हम ज्यादा गुस्सा करते हैं तो शरीर में हार्मोन स्टिमुलेट होता है. जिसके कारण दिल की धड़कन बढ़ जाती है. जिसके कारण बीपी और हार्ट अटैक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. इसके कारण ब्लड वेसेल्स की इनर लाइनिंग को काफी ज्यादा नुकसान होता है. ब्लड सर्कुलेशन पर प्लेटलेट और लिपिड पर जमाव का कारण बनते हैं. जो बाद में दिल के दौरे का कारण बनता है.

गुस्से में सिर्फ दिल को ही नहीं नुकसान होता है बल्कि इसकी वजह से चिड़चिड़ापन, थकान,इमोशनल डैमेज, नींद की कमी,



डिप्रेशन और स्ट्रेस का खतरा काफी बढ़ जाता है. जिन्हें शराब, सिगरेट और ड्रग्स की लत होती है तो उन्हें काफी ज्यादा गुस्सा आता है. यह ओवरहेल्थ को काफी नुकसान पहुंचाता है.

गुस्से पर कैसे करें काबू?

गुस्सा से काफी ज्यादा नुकसान होता है. इसलिए इस पर काबू रखने की कोशिश करनी चाहिए. आइए जानें एंगर कंट्रोल करने के लिए क्या-क्या कर सकते हैं.

ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें

योग और मेडिटेशन का सहारा लें

अच्छी नींद लें

डाइट अच्छी लें

दोस्तों और फैमिली के साथ थोड़ा टाइम स्पेंड करें.

## कमल हासन की ठग लाइफ से सिलंबरासन का दमदार लुक हुआ रिवील

साउथ सुपरस्टार कमल हासन अपनी पिछली रिलीज फिल्म विक्रम से धमाका करने के बाद अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म ठग लाइफ से चर्चा में हैं. कमल हासन के फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है. इस फिल्म को साउथ फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज डायरेक्टर मणिरत्नम डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म में कमल हासन को मिलाकर सात स्टार हैं और अब फिल्म में आठवें स्टार की भी एंट्री हो गई है. फिल्म में शामिल हुए साउथ स्टार सिलंबरासन टीआर की एंट्री हो गई है. मेकर्स ने सिलंबरासन टीआर का फिल्म ठग लाइफ से एक्शन पैक्ड फर्स्ट लुक शेयर किया है और साथ ही एक एक्शन पैक्ड टीजर भी रिलीज हुआ है.

बता दें, साउथ स्टार सिलंबरासन टीआर के फर्स्ट लुक की बात करें तो वह कार में बैठे आंखों पर चश्मा चढ़ाए हाथ में गन थामे हुए हैं. वहीं, टीजर में आप देखेंगे कि कैसे एक्टर ने कार में स्टंट कर खुद को ग्लोरिफाई किया है. बता दें, इस फिल्म में साउथ हसीन तृषा कृष्णन, जयम रवि, ऐश्वर्या लक्ष्मी, गौतम कार्तिक, जोजू जियॉर्ज, कमल हासन, दुलकर सलमान की पहले ही एंट्री हो चुकी है.

## चाहेंगे तुम्हें इतना की स्वाति शर्मा ने अपनी मां से मिली सीख को किया साझा



चाहेंगे तुम्हें इतना में आशी की भूमिका के लिए मशहूर एक्ट्रेस स्वाति शर्मा ने अपनी मां से मिली कुछ सीख साझा की, जिससे उनके एक्टिंग करियर में काफी मदद मिली। स्वाति ने कहा, काम के प्रति मेरा जुनून मेरी मां से आता है, जिन्होंने मुझे वह करना सिखाया जो मुझे सचमुच पसंद है। अपने जुनून के प्रति उनका समर्पण मुझे अपने काम के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है। एक्ट्रेस ने उदाहरण देते हुए याद किया कि एक बार उनकी मां ने दूसरों की आलोचना के बावजूद साड़ी के बजाय सलवार कमीज पहनने का फैसला किया था। जिस चीज में वह सहज महसूस करती थी उसे अपनाने की उनकी हिम्मत ने मुझे अपने प्रति सच्चा रहना और नकारात्मकता को नजरअंदाज करना सिखाया। चाहे कुछ भी हो, मैं हमेशा वही करती हूं जो मुझे लगता है कि मेरे लिए सही है, उनके मूल्यवान सीख के लिए धन्यवाद। स्वाति ने कहा, मुझे नहीं लगता कि त्याग शब्द का इस्तेमाल मां के कामों को बताने के लिए करना ठीक होगा, क्योंकि मेरे पिता ने हमेशा यह सुनिश्चित किया था कि उन्हें अपनी इच्छाओं को कभी नहीं छोड़ना पड़े। इसके बजाय, समर्पण बिल्कुल सटीक शब्द है, उन्होंने वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना वह परिवार को अपना सब कुछ देती है। एक मां का बलिदान, खास तौर से अपने बच्चों के लिए, उनकी जरूरतों को अपनी जरूरतों से ज्यादा प्राथमिकता देने की उसकी इच्छा में स्पष्ट होता है। यहां तक कि जब मैं काम के लिए दूर चली गयी, तब भी वह अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद मेरे लिए समय निकालती रही। चाहेंगे तुम्हें इतना शेमारू उमंग पर प्रसारित होता है।

## धनुष की रायन का फर्स्ट सिंगल अडंगाथा असुरन आउट

साउथ मेगास्टार धनुष की अपकमिंग फिल्म रायन का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. यह फिल्म सिनेमाघरों में जून 2024 को रिलीज होगी. तब तक मेकर्स भी फैंस की एक्साइटमेंट को बरकरार रखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं.

## 19 की उम्र में डेब्यू, इंटीमेट सीन से हिट हुई फिल्म, तो दोगुनी कर दी अपनी फीस



पिछले कुछ सालों से फिल्म इंडस्ट्री की हसीनाओं के लिए एक खास टर्म का इस्तेमाल किया जाता है जो है नेशनल क्रश. अब तक श्रद्धा कपूर से लेकर रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी लोगों की नेशनल क्रश बन चुकी हैं, लेकिन अब इस लिस्ट में एक और हसीना की एंट्री हो गई है जो इन दिनों खास वजह से सुर्खियों में छाई हुई हैं.साल 2023 में रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की रिलीज के बाद तृप्ति डिमरी को नेशनल क्रश कहा जाने लगा था. मूवी में उनके इंटीमेट सीन्स और अदाकारी की खूब चर्चा हुई. लोगों ने सोशल मीडिया पर तृप्ति को ढूंढ-ढूंढकर फॉलो किया. अब साल 2024 में लोगों को अपनी नई नेशनल क्रश मिल गई है. हालांकि, वह बॉलीवुड से नहीं बल्कि साउथ सिनेमा से हैं. हम जिस खूबसूरत हसीना की बात कर रहे हैं उनका नाम है अनुपमा परमेश्वरन. वह लगभग एक दशक से मलायलम, तमिल और तेलुगु फिल्मों मे एक्टिव हैं. उन्होंने साल 2015 में महज 19 की उम्र में मलयालम फिल्म प्रेमम से डेब्यू किया था. इसके बाद वह कोडी, रक्षासुदु और कार्तिकेय 2 जैसी कई फिल्मों में अपने हुनर का जलवा बिखेर चुकी हैं.साल 2024 में अनुपमा परमेश्वरन की तेगुलु फिल्म टिल्लू स्क्वायर रिलीज हुई, जिसने इंडस्ट्री में उनके कद को और ऊंचा कर दिया. यह उनके करियर की सबसे बड़ी हिट मूवी साबित हुई. 40 करोड़ के बजट में बनी टिल्लू स्क्वायर ने दुनियाभर में 130 करोड़ का बिजनेस किया है. टिल्लू स्क्वायर में सिद्धू जोन्नालगड्डा के साथ अनुपमा परमेश्वरन की केमिस्ट्री छा गई. इस मूवी में किसिंग और इंटीमेट सीन्स देकर अनुपमा परमेश्वरन ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं. ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर फिल्म की रिलीज के बाद एक्ट्रेस के इंटीमेट सीन्स वाले कई वीडियोज वायरल हो रहे हैं. वह देश की नई नेशनल क्रश बन गई हैं. रिपोर्ट के अनुसार, अनुपमा परमेश्वरन ने टिल्लू स्क्वायर की सक्सेस के बाद अपनी फीस बढ़ा दी है. अब वह पहले की अपेक्षा मेकर्स से दोगुनी फीस वसूल रही हैं. रिपोर्ट में बताया गया कि अनुपमा परमेश्वरन पहले 1 करोड़ फीस लेती थीं, लेकिन अब उन्होंने अपनी फीस बढ़ाकर 2 करोड़ कर दी है.इन दिनों अनुपमा परमेश्वरन के सामने फिल्मों की लाइन लगी हैं. वह हनुमान फेम डायरेक्टर प्रशांत वर्मा की फिल्म ऑक्टोपस में नजर आएंगी. इसके अलावा उनके पास ध्रुव विक्रम की बाइसन और जेएसके जैसी फिल्में हैं.

# अदिति राव हैदरी, कियारा आडवाणी, शोभिता धूलिपाला ब्रांड प्रदर्शनी के लिए रेड कार्पेट पर उतरेंगी

किसी भी विदेशी पहचान को लेकर भारतीय लोगों की हताशा आज से नहीं बल्कि वर्षों से है। विदेशी सम्मान के नाम पर अपने प्रशंसकों को बेवकूफ बनाने का ताजा उदाहरण मेट गाला में ही देखा जा सकता है। किसी भी विदेशी पहचान को लेकर भारतीय लोगों की हताशा आज से नहीं बल्कि वर्षों से है। विदेशी सम्मान के नाम पर अपने प्रशंसकों को बेवकूफ बनाने का ताजा उदाहरण मेट गाला में ही देखा जा सकता है। जो लोग इस कार्यक्रम के बारे में जानते हैं वे जानते हैं कि एक बड़ी विदेशी पत्रिका इस चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन करती है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दुनिया भर से लोगों को निमंत्रण भेजा जाता है और उनसे दान देने की भी अपील की जाती है। अपने पैसे से अपनी ब्रांडिंग करने वाले ये सितारे इन खबरों को जमकर प्रचारित करते हैं और बाद में स्थानीय ब्रांडों के विज्ञापन से वही पैसा वसूलते हैं। कान्स फिल्म फेस्टिवल का मामला थोड़ा अलग है। हर साल कई भारतीय और विदेशी सितारे इसके रेड कार्पेट पर तरह-तरह के कपड़े पहनकर कैटवॉक करते नजर आते हैं। तो जान लीजिए कि ये सारी गश्त हर बार सिर्फ भारतीय सिनेमा के प्रमोशन के लिए नहीं होती।



मंगलवार से शुरू हुए कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस साल हिंदी सिनेमा के कई सितारे नजर आने वाले हैं. कान्स फिल्म फेस्टिवल एक वैश्विक आयोजन है और इसके आयोजन के लिए यह कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों से वित्तीय मदद लेता है। बदले में, ये वित्तीय मदद करने वाली कंपनियां रेड कार्पेट पर सितारों की परेड आयोजित करती हैं जो विभिन्न देशों में अपने उत्पादों का प्रचार करते हैं। सौंदर्य उत्पादों को बढ़ावा देने में पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम सबसे आगे रहा है और वह 2002 से इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इस साल आप अब तक जान चुके होंगे कि कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर कियारा आडवाणी, अदिति राव हैदरी और शोभिता धूलिपाला जैसे मशहूर कम उम्र के कलाकार चलने वाले हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि इन तीनों एक्टर्स के इस रेड कार्पेट कैट वॉक का उनकी किसी फिल्म से कोई लेना-देना नहीं है. मेड इन हेवन अभिनेता शोभिता धूलिपाला, जो हाल ही में अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म मंकी मैन के लिए चर्चा में थीं, एक अंतरराष्ट्रीय आइसक्रीम ब्रांड के प्रतिनिधि के रूप में वहां मौजूद होंगी। कियारा आडवाणी, जिनकी पीआर टीम पिछले दो-तीन दिनों से देश का प्रतिनिधित्व करने के नाम पर प्रचार कर रही है, वह कान्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा नहीं बनने जा रही हैं, लेकिन रेड सी फिल्म फाउंडेशन के चैरिटी डिनर में शामिल होने जा रही हैं। इन दिनों वहां आयोजित किया जा रहा है। पिछले साल वेब सीरीज जुबली और इस साल वेब सीरीज हीरामंडी में 100 अंक हासिल करने वाली अदिति राव हैदरी लोरियल ब्रांड के लिए कान्स जा रही हैं, जिसका चेहरा उसके उत्पादों के विज्ञापनों में दिखाई देता है।

## शब्द सामर्थ्य -058

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 057 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |



## गर्मी के दिनों में रोजाना प्याज खाना सही होता है? जानें इसका सेहत पर क्या असर पड़ता है

गर्मी के दिनों में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है. कई बार लोग ज्यादा गर्मी होने के कारण लू की चपेट में आ जाते हैं. जिससे लूज मोशन, उल्टी, घबराहट जैसी समस्या होने लगती है. इससे बचने के लिए कुछ लोग तुरंत दवाइयों का सेवन कर लेते हैं. लेकिन जरूरत से ज्यादा दवाई खाना सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है. अगर आपको घबराहट, बेचैनी से छुटकारा पाना है, तो आप रोजाना खाने के साथ प्याज का सेवन कर सकते हैं. इससे शरीर को अनेक फायदे होंगे. आइए जानते हैं इसके फायदो के बारे में.

प्याज के फायदे-गर्मियों में प्याज का सेवन करना सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना गया है. प्याज में कैलोरी कम होती है और पानी की मात्रा अधिक होती है जिससे यह गर्मी के दिनों में शरीर को हाइड्रेट रखने में काफी मदद करता है. बता दें कि प्याज में विटामिन सी, पोटेशियम और फाइबर जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो गर्मी के दिनों में लू से बचते हैं. प्याज में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं.

खून को करेगा साफ-प्याज का इस्तेमाल सदियों से आयुर्वेदिक उपचार के लिए भी किया जाता है यह खून को साफ करता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है. कुछ लोगों को गर्मी के दिनों में सर्दी खांसी या पेट खराब जैसी समस्या होती है इससे राहत पाने के लिए आप प्याज का सेवन कर सकते हैं. लेकिन जरूरत से ज्यादा प्याज खाने से मुंह में छाले और गले में जलन जैसी समस्या हो सकती है.इन बातों का रखें ध्यान-यही नहीं कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है जिससे त्वचा पर लाल दाने पेट में दर्द जैसी समस्या होने की संभावना रहती है. अगर प्याज का सेवन करने के बाद आपको किसी प्रकार की कोई समस्या होती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें. इसलिए गर्मी के दिनों में रोजाना लिमिटेड मात्रा में प्याज का सेवन करें.



## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन आदेश के साथ दी गई भावभीनी विदाई



**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सेवा अवधि पूर्ण कर लेने वाले कर्मचारियों को पेंशन आदेश एवं शाल श्रीफल देकर जीवन के अगले पड़ाव के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सेवानिवृत्ति हर अधिकारी-कर्मचारी के लिए एक सतत प्रक्रिया है। एक दिन सभी को निर्धारित तिथि अनुसार सेवानिवृत्त होना होता है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि ''धन्यवाद पोर्टल'' के माध्यम से समस्त पेंशनरों को उनके पेंशन प्रकरण की वर्तमान स्थिति से निरंतर अवगत कराया जा रहा है साथ ही उक्त पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर के निर्देशानुसार पेंशन प्रकरणों की समीक्षा एवं निगरानी की जा रही है। जिसके तारतम्य में आज सेवानिवृत्त कर्मचारियों में शासकीय आर. एच. एस. के प्राचार्य मनोज कुमार राय, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के प्राचार्य श्रीमती रुक्माम्बुजासना मिश्रा एवं सुशीला लकड़ा पर्यवेक्षक कार्यालय विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी पटना शामिल थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, जिला कोषालय अधिकारी पदमाकर सिंह परिहार उपस्थित थे।

## सानवी जायसवाल ने संयुक्त मनेद्रगढ़ और कोरिया जिले में किया टॉप



**कोरिया बैकुंठपुर।** स्कूलों के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल देखा जा रहा है अपने परीक्षा परिणाम को लेकर इस छात्रा के द्वारा जानकारी दी गई की मेहनत करने पर निश्चित तौर पर परिणाम सार्थक ही होंगे जानकारी के अनुसार सुशील जायसवाल निवासी डबरी पारा जमगहना की बिटिया एवं सचिव विजय जायसवाल की भतीजी सानवी जायसवाल जो इस वर्ष CBSE बोर्ड परीक्षा कक्षा 10th st.जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुंठपुर ने अध्यनरत थी द्य संयुक्त जिला मनेद्रगढ़ और कोरिया में टॉप पर रही ज 97.4% अंक के साथ संयक्त जिला मनेन्द्रगढ़-कोरिया में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, गुरुजनों और जिला कोरिया का नाम रोशन की जिसकी उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## लूट के दो आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले के बलंगी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विजय दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लूट के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से मोटरसाइकिल और 3500 रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम आसानडीह निवासी राजकमल गुर्जर का रास्ता रोककर ग्राम जोगियानी निवासी आरोपित कांग्रेस पाल व भोला पाल ने मारपीट कर मोटरसाइकिल लूट ली थी। राजकमल गुर्जर का 3500 रुपये नकद भी दोनों आरोपियों ने लूट लिया था।इस घटना की शिकायत बलांगी पुलिस चौकी में दर्ज कराए जाने के बाद चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की दोनों आरोपितों को लूट की मोटरसाइकिल और नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

## वायुसेना के जवान का होटल से मोबाइल चोरी

**लखनपुर।** होटल में नाश्ता कर रहे वायुसेना के जवान का मोबाइल पार कर दिया गया। सीसी कैमरे में घटना कैद हो गई है। जवान ने मोबाइल चोरी की शिकायत थाने में की है। वायुसेना का जवान ईश्वर प्रसाद राजवाड़े छुट्टी में घर आया हुआ था। मंगलवार को लखनपुर में संचालित गुप्ता होटल में अपने साथी संजीव साहू के साथ नाश्ता करने गया था। मोबाइल को टेबल में रख हाथ धोने के लिए गया उसी दरमियान मोबाइल वहां से गायब हो गया।काफी देर इधर-उधर खोजबीन करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिला।

# चौथी बार पहुंची सीबीआई टीम ने 12 दिनों तक दस्तावेज खंगाला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल की रेहर भूमिगत खदान में करीब दो करोड़ रुपये लागत का 27 सौ टन कोयला शार्टेज के मामले में फरवरी माह से शुरू सीबीआई जांच अभी भी जारी है। चौथी बार पहुंची सीबीआई की टीम 12 दिन एसईसीएल के स्थानीय ट्रांजिट कैंप में डेरा डालकर गड़बड़ी की जांच करने के बाद वापस रायपुर लौट गई है।

बीते छह जनवरी को सीबीआई ने मामले की जांच शुरू की है। उसके बाद फरवरी व मार्च माह में 22 दिनों तक यहां कैंप कर एसईसीएल की रेहर भूमिगत खदान में 27 सौ टन कोयला शार्टेज की दूसरे चरण की जांच करने के बाद वापस रायपुर लौटी सीबीआई की टीम ने दस अप्रैल को पुन: तीसरी बार यहां पहुंचकर 14 अप्रैल तक मामले से संबंधित दस्तावेजो को खंगालने के साथ ही आवश्यक जानकारी एकत्र की थी। उसके बाद चौथी बार एक मई को यहां पहुंची दो सदस्यीय सीबीआई टीम ने 12 दिनों तक यहां डेरा डालकर कोयला शार्टेज मामले की जांच की और उसके बाद फिर रायपुर लौट गई है। पूरे मामले की जांच सीबीआई इंस्पेक्टर यतीश चन्द्र शर्मा कर रहे हैं। हालांकि इस पूरे मामले में सीबीआई अधिकारी मीडिया को कोई भी जानकारी देने में असमर्थता जाहिर कर रहे है। मामले से जुड़े दस्तावेजो की



बारीकी से जांच करने के साथ ही संबन्धित अधिकारियों से वे पूछताछ भी कर रहे है। कोयला शार्टेज का मामला एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र की रेहर भूमिगत खदान का है। संबंधित शिकायत पर जुलाई 2022 में एसईसीएल कंपनी के विजिलेंस विभाग ने मामले की जांच शुरू की थी। जांच में करीब 27 टन कोयला कोल स्टाक में शार्टेज पाया गया था। मामले में खान प्रबंधक समेत कई अधिकारियों का अन्य क्षेत्रों में तबादला करने के बाद मामला शांत हो गया था। मामले में लीपापोती के आरोपों के बीच फिर मामले की शिकायत कोयला मंत्रालय से कर मामले में लीपापोती किये जाने का आरोप लगाते हुए स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की गई थी। जिस पर मामले में एंट्री के साथ ही रायपुर की सीबीआई टीम ने बीते छह जनवरी को यहां पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। जांच के दूसरे दौर में 18 फरवरी को फिर बिश्रामपुर क्षेत्र पहुंची सीबीआई की दो सदस्यीय टीम द्वारा एसईसीएल के स्थानीय ट्रांजिट कैंप में कैंप कर 22 दिनों तक लगातार मामले की सघन छानबीन की थी। टीम ने मामले से जुड़े दस्तावेजो की सघन जांच पड़ताल कर उसमे गड़बड़ी के साक्ष्य खोजने की भरपूर कोशिश की। उनके द्वारा उक्ताशय से संबंधित कोयला उत्पादन व उत्पादित कोयले को खदान से बाहर कोयला स्टाक में भंडारित करने से संबंधित दस्तावेजो के अलावा जनवरी 2022 से लेकर दिसंबर 2023 तक खदान में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर व सबंधित दस्तावेजो की बारीकी से पड़ताल कर दस्तावेजो की फोटो कॉपी सुरक्षित की थी। इस दौरान विजिलेंस की टीम भी बीच बीच मे यहां पहुंची थी। उसके बाद दस अप्रैल से 14 अप्रैल तक तीसरे चरण और एक मई से 12 मई तक चौथे चरण की जांच की गई है।

## घर के बाहर खाट पर बैठी महिला को टक्कर मार पलटी कार, महिला व चालक की मौत, दो बच्चे समेत छह घायल



**सूरजपुर।** जिला मुख्यालय सूरजपुर के रिंग रोड पर मंगलवार की रात बड़ा हादसा हो गया। तेज गति की कार अनियंत्रित होकर घर के बाहर खाट पर बैठी महिला को टक्कर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में महिला और कार चालक की मौत हो गई।दो बच्चे समेत छह लोग घायल हैं। इन्हें जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया गया है। तेज गति को दुर्घटना का कारण बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर रिंग रोड स्थित परशुराम मंदिर के नजदीक मंगलवार की रात राम बाई नामक महिला गर्मी के कारण घर से बाहर खाट पर बैठी थी। दो बच्चे भी वहीं आसपास खेल रहे थे। उसी दौरान तेज गति की बेकाबू कार क्रमांक सीजी 29 एसी-9118 वहां पहुंच गई। महिला कुछ समझ पाती उसके पहले ही कार ने खाट पर बैठी महिला को टक्कर मारी और सड़क किनारे झालानुमा घर से टकराते हुए पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राम बाई और कार चला रहे युवक की मौत हो गई। दो बच्चे व कार में सवार चार लोग घायल हो गए। लोगों द्वारा घायल दोनों बच्चों व कार के भीतर से घायलों को निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है।

सूरजपुर रिंग रोड पर तेज गति के कारण इसके पहले भी हाथ से हुए हैं मंगलवार रात दुर्घटना का मुख्य कारण अत्यधिक गति ही था प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना स्थल से पहले चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया था तेज गति की कार संभलने से पहले ही महिला को टक्कर मार पलट गई। इन दिनों सूरजपुर जिले में यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। वाहनों की गति पर नियंत्रण तथा नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की समझाइश दी जा रही है, इसके बाद भी सूरजपुर के रिंग रोड इलाके में वाहनों की गति अत्यधिक तेज रहती है। बताया जा रहा है कि गंभीर रूप से घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया है।



## खेलने के दौरान बालक डबरी में डूबा, मौत

**रामानुजगंज।** ग्राम पंचायत भंवरमाल में एक घर के सामने बनी डबरी में खेलते वक्त डूबने से दो वर्ष के मासूम बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया है। सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे के करीब शिवांशु बखला पिता भावेश बखला अपने चार बहनों के साथ घर के सामने खेल रहा था। वह खेलते-खेलते घर के सामने ही बनी डबरी में चला गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जब वह कुछ देर तक घर में नहीं आया तो घर वाले खोजने लगे। इसी बीच परिजनों की नजर डबरी में पड़ी तो देखा वह डूबा हुआ था। घटना से शिवांशु के माता-पिता गहरे सदमे में है। डबरी में दो से तीन फीट ही पानी था। फिसलने के बाद वह संभल नहीं पाया जिससे यह घटना घटी।पूर्व में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं- शासन के आदेश पर गांव-गांव में डबरी का निर्माण किया गया है। वही कई डबरी तो घर के काफी नजदीक है। जब छोटे बच्चे उसके नजदीक जाते हैं तो कई बार फिसल कर गिर जाते हैं एवं मौत हो जाती है। क्षेत्र में इस प्रकार की कई घटनाएं पूर्व में हो चुकी है। ऐसे में इस पर रोक लगाने डबरी के चारों ओर घेराव किए जाने की आवश्यकता है।

## युवकों के दो समूह में संघर्ष, जान बचाने पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुसे युवक पर चाकू से हमला,सीसी कैमरे में कैद हुई घटना



**रामानुजंगज।** शहर के रामानुजंगज रोड में युवकों के दो समूह में हिंसक झड़प हो गई। जान बचाने समीप के पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुसे युवक पर चाकू और धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। घटना के बाद सभी तेजी से भाग निकले। घायल युवक को मेडिकल कालेज अस्पताल से हायर सेंटर रिफर कर दिया गया है। पेट्रोल पंप के सीसी कैमरे में संपूर्ण घटना कैद हो गई है। इसी आधार पर पुलिस आरोपितों की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। सोमवार रात पेट्रोल पंप पर सिर्फ दो सेल्समेन थे। अचानक एक युवक भागते हुए पेट्रोल पंप के कार्यालय में आकर घुस गया। उसके पीछे-पीछे मोटरसाइकिल तथा दौड़ कर आए युवक भी पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुस गए। युवक के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया गया। चाकू और दूसरे धारदार हथियार से प्रहार के बाद सभी भाग गए। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम भी पहुंच गई थी। पेट्रोल पंप के कार्यालय के फर्श तथा परिसर में कहीं -कहीं खून के दाग और छींटे लगे हुए थे। घटना में शहर के रामानुजंगज रोड ,सत्तीपारा, तकिया रोड क्षेत्र के युवा शामिल थे। इनमें से अधिकांश के नशे में होने की बात कही जा रही है। इन सभी ने पेट्रोल पंप के नजदीक ही किसी ठेले अथवा झाला में बैठकर मादक पदार्थों का सेवन किया था। उसी दौरान किसी पुराने बात को लेकर इनके बीच विवाद हुआ। यही विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। घायल युवक को गंभीर चोट है। रात में ही उसे हायर सेंटर रिफर किया गया है। मालूम हो कि शहर के असामाजिक युवाओं का समूह पिछले कुछ समय से गैंगवार की तर्ज पर माहौल खराब करने में लगा था लेकिन पुलिस की सख्ती के बाद इन घटनाओं में कमी आई थी। सोमवार रात हुई घटना के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। घटना में संलिप्त युवकों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## प्रताड़ना से छात्रा ने की थी आत्महत्या

**सूरजपुर।** करीब छह माह पूर्व नगर की 15 वर्षीय छात्रा द्वारा मिट्टी तेल छिड़क कर आग लगा लेने से उसकी मौत हो जाने के मामले में प्रताड़ना से आत्महत्या की पुष्टि होने पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग जांच के बाद एक महिला के विरुद्ध धारा 305 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। आठ नवंबर की शाम को 15 वर्षीय छात्रा ने अपने शरीर मे मिट्टी तेल उड़ेल कर आग लगा ली थी। उसे तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। वह पूरी तरह जल चुकी थी। उसे तत्काल मेडिकल कालेज अंबिकापुर और वहां से कालड़ा बर्न एंड सर्जरी सेंटर राजेंद्रनगर रायपुर रिफर कर दिया गया था। जहां नौ नवंबर की शाम को उसकी मौत हो गई थी। इधर उपचार के लिए रायपुर ले जाते समय छात्रा ने अपनी मां के पूछने पर बताया कि उनके घर में किराए से रहने वाली नन्दनी सोनी पति अर्जुन सोनी और उसका जीजा उसे झूठा आरोप लगाकर प्रताड़ित करते थे।

## शिक्षक के सूने मकान से नकदी सहित तीन लाख के जेवरात पार

**बिश्रामपुर।** सलका गांव के माझापारा स्थित शिक्षक के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 25 हजार रुपये नकदी समेत करीब तीन लाख के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर लिया है।

घटना कोतवाली थाना इलाके की है। शासकीय हाईस्कूल पोड़ी में पदस्थ शिक्षक दिनेश जायसवाल अपने परिवार के साथ मानी चौक में रहते हैं और सलका माझापारा स्थित पुराने घर मे उनके माता पिता रहते है। 29 अप्रैल की दोपहर में वे दोनों घरों में ताला बंद कर अपनी बहन के यहां ग्राम सिरमिना कोरबा गए थे। जहां से वे दो मई को वापस लौटे। इस बीच अज्ञात चोरों ने माझापारा सलका स्थित उनके पुराने घर के सामने के दरवाजे की कुंडी खोल कर घर मे प्रवेश किया। उसके बाद अन्य कमरे में रखी अलमारी को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही बेडरूम में रखी अलमारी को खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शिक्षक ने बताया कि चोरों ने अलमारी में रखे 25 हजार रुपये नकदी समेत करीब तीन लाख रुपये लागत के सोने, चांदी के



जेवरातों की चोरी की है। हालांकि कोतवाली पुलिस ने एफआईआर में 80 हजार की चोरी का उल्लेख किया है। शिक्षक के मुताबिक् चोरो ने 25 हजार नकदी समेत सोने के दो कंगन, एक चेन, एक अंगूठी के अलावा चांदी के लक्ष्मी गणेश के तीन सिक्के, तीन जोड़ी पायल, एक कमरधनी, एक हसली और चांदी के 70 सिक्कों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## पेट्रोल से भड़की आग ने दुकान व घर को किया तबाह

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर शहर से लगे कंचनपुर ग्राम में मंगलवार रात एक किराना दुकान व घर में भीषण आग लग गई। बताया गया कि जिस वक्त आग लगी उस वक्त गांव में लाइट गुल थी। उस दुकान में किराना और सामान्य चीजों के अलावा पेट्रोल की भी बिक्री होती है। इसी दौरान एक युवक दुकान में पेट्रोल खरीदने आया। दुकान में बैठी महिला पेट्रोल को डिब्बे से बोतल में डालने लगी। दुकान में अंधेरा होने के कारण वहां मोमबत्ती जली हुई थी। पेट्रोल मोमबत्ती के संपर्क आया और देखते ही देखते वहां भीषण आग लग गई। महिला और युवक दोनों आग की चपेट में आ गए। युवक ने आग से भभक रहे पेट्रोल के डिब्बे को पैर से मार कर दूर भगाया लेकिन इस दौरान उसके पैर में आग लग गई। महिला आग लगने के बाद दुकान के भीतर कोने में खड़ी हो गई। इसी दौरान दुकान में रखे फ्रीज का कंप्रेशर फट गया।

## एक ही रात एसईसीएल कालोनी के चार घरों में सेंधमारी

**कोरिया।** पटना थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल पांडवपारा सहक्षेत्र झिलमिली के एसईसीएल कालोनी को निशाना बनाते हुए चोरों ने एक ही रात में चार घरों में सेंधमारी की। चोरों ने नकदी और सामान पार कर दिया। लगातार घटनाओं के बावजूद चोरों को खोज पाने में पुलिस विफल रही है।

एसईसीएल और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोर एक के बाद एक घटनाएं कारित कर रहे हैं। एसईसीएल पांडवपारा के विराटनगर के चार मकान में सोमवार की रात खिड़की के नीचे सेंधमारी कर चोरों ने नकद व सामानों की चोरों की है। कालरीकर्मी हरिराम के यहां से 19000 रुपये,धर्मसाय के यहां पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर घुसकरसाड़ी चोरी कर ली।मोहरसाय के यहां से आधार कार्ड, पैन कार्ड और लगभग दस हजार नकद राशि ले उड़े। लिपिक के क्वार्टर में छेनी से सेंध लगा रहे थे तभी कुत्ता भौंकने लगा जिससे चोर फरार हो गए।चोरी की इस घटना की लिखित शिकायत पटना थाना में की गई जिसके बाद पटना पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू की। डॉग स्क्वायड टीम ने भी जांच पड़ताल की लेकिन पुलिस को चोरी की कोई सुराग नहीं मिल सका है लेकिन चोरों को पकड़ने पुलिस की टीम जुटी हुई हैमजांच में डीएसपी रविकांत सहारे,थाना प्रभारी अनिल सोनवानी, एएसआई लवांग सिंह सहित पुलिस के टीम सक्रिय है।

## असली के साथ 29 हजार का जाली नोट खपाने का प्रयास विफल


**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के प्रधान डाकघर में जाली नोट खपाने के प्रयास में एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित कपील गिरी (45) लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम तुरियाबीरा का रहने वाला है। एक लाख रुपये जमा करने के दौरान उसने 500-500 के 58 जाली नोट भी मिला दिए थे। डाकघर के कर्मचारी की सक्रियता से मामला सामने आया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया है कि हनुमान छाप सिक्का के बदले झारखंड के एक व्यक्ति ने उसे जाली नोट दिए थे जिसे वह डाकघर में जमा करने पहुंच गया था।

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर के प्रधान डाकघर में कपिल गिरी नामक व्यक्ति का खाता है। घटना दिवस को कपिल अपने खाता मे नकद रकम जमा करने डाकघर आया थामजमा पर्ची भर के नकद एक लाख रुपये खाता में जमा करने कैशियर को दिया। कैशियर द्वारा गिनने पर 500-500 रुपये के कुल 58 नग नोट नकली होना पाया गया। कैशियर ने इसकी सूचना जब नायब पोस्ट मास्टर मनोज कुमार पाण्डेय को दी तो उन्होंने नोट गिनने वाली मशीन का उपयोग



किया। मशीन ने जाली नोटों को अलग कर दिया। आरोपित द्वारा जानबूझकर जालसाजी करते हुए 58 जाली नोट को असली नोट के साथ मिलाकर खपाने का प्रयास किया गया था। डाकघर प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने कपिल गिरी को हिरासत में ले लिया। जाली नोट के संबन्ध में पूछताछ करने पर शुरू में वह कोई संतोषप्रद जबाब नहीं दे रहा था। बाद में उसने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पहले उसने एक पुराना हनुमान छाप सिक्का झारखण्ड के एक व्यक्ति को बेच दिया था। उसी व्यक्ति ने 500-500 के कुल 58 जाली नोट उसे दिए थे। कुछ दिनों तक जाली नोट को घर में रखने पश्चात घटना दिवस को असली नोट के साथ 58 नग 500 के जाली नोट को मिलाकर जानबूझकर पोस्ट आफिस में एक लाख रुपये जमा करने पहुंच गया था। पुलिस टीम ने उसके पास से 29 हजार के जाली नोट,घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन, एक लाख दो हजार रुपये नकद, एक मोबाइल, पासबुक व डाकघर का जमा पर्ची जब्त किया है। जाली नोट के सम्बन्ध में आरोपित के बयान का परीक्षण किया जा रहा है। मामले में अग्रिम जांच की जा रही हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, अभिषेक दुबे, विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, भोजराज पासवान, संजीव त्रिपाठी, आरक्षक विकाश सिंह, संजीव चौबे, सत्येंद्र दुबे, मनीष सिंह, राहुल सिंह, डायल 112 से आरक्षक अनिल राजवाड़े चालक ललित सिंह शामिल रहे।

## शादी का झांसा दे कर नाबालिग से दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है।पीड़िता ने थाने में शिकायत की थी कि भैसामुंडा केवरा प्रतापपुर निवासी अमन कुमार राजवाड़े उर्फ़ मुन्ना द्वारा उसे शादी का झांसा दिया गया। मार्च 2020 में शादी करने की बात बोलकर झांसे मे लेकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। घटना दिनांक के पश्चात अन्यत्र जगह ले जाकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबन्ध स्थापित किया। अब शादी से इंकार की शिकायत उसने थाने में की थी। पुलिस ने आरोपित अमन कुमार राजवाड़े उर्फ़ मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया उसके विरुद्ध दुष्कर्म तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध पंजीकृत किया है। आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक रश्मि सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप आरक्षक अनिल सिंह परिहार, पवन यादव शामिल रहे।

### सिंधू दर्शन के लिए सरकार दे रही अनुदान

**कोरबा।** प्रदेश सरकार ने सिंधू दर्शन महोत्सव के लिए पहले की तरह अनुदान देना जारी रखा है। 23 से 25 जून को यह उत्सव केंद्र शासित प्रदेश लेह लद्दाक में होगा। इसमें सिंधू सभ्यता और संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम होंगे। पूर्ववर्ती एनडीए सरकार के दौरान उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के द्वारा इस यात्रा को उत्साहजनक बनाने के साथ सुविधाएं उपलब्ध कराई गई तब से यात्रा में भागीदारी करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। यात्रा के संयोजक ने बताया कि यात्रियों को दिल्ली से जम्मू और मनाली वाले रास्ते के विकल्प दिए जा रहे हैं। इस प्रकार की व्यवस्था पहले से रही है। इस दौरान वे अलग-अलग प्वाइंट को देखने का अवसर प्राप्त करते हैं। लेह लद्दाक के रास्ते में कारगिल, द्रास के अलावा रोहतांगदर्रा प्रमुख आकर्षण होते हैं जिनके बारे में लोगों को जानने का मौका मिलता है।

### जवाबदारी मिली थी महिला मोर्चा को

**कोरबा।** भाजपा महिला मोर्चा की टीम को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक वोट कराने की जिम्मोदारी मिली थी। उनसे कहा गया था कि महिलाओं को निकालकर मतदान स्थल तक पहुंचा । महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली रत्न पारखी को पूरे लोकसभा क्षेत्र ें प्रभार दिया गया था। उन्होंने लगातार दो महीने तक सभी मंडलों में जाकर बैठक लेती रही ।इसके अलावा सभी मंडलो में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं का सम्मान भी करने कहा गया था। कुदमुरा मंडल में महीला मोर्चा की अभिलाषा वर्मा, सुभद्रा सिंह, भोजली साहू, सुगिता राठिया ने कई गांवो का दौरा करते हुए महिलाओं का सम्मान किया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोरमा शर्मा चुनाव के दौरान सक्रिय रही। सभी मंडलो में महिलाएं लगातार शक्ति केंन्द्रो में काम कर रही थी। ज्योति पाण्डेय, उषा विश्वकर्मा, उमा शुक्ला , देवकी साहू, श्वाति कश्यप डटे रहे।

## कई तरह की चुनौतियां पेश आ रही इस मौसम में

# शॉर्ट सर्किट से आगजनी के बाद ट्रांसफार्मर निष्क्रिय, आपूर्ति ठप

**कोरबा।** सीएसईबी उत्पादन कंपनी की कोरबा ईस्ट कालोनी में आज सुबह एक ट्रांसफार्मर आगजनी की चपेट में आ गया। इस घटना के असर से बड़े हिस्से की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। समस्या के उत्पन्न होने से गर्मी के मौसम में क्षेत्र के नागरिकों को जमकर परेशान होना पड़ा। मामले की जानकारी होने के बाद ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस यूनिट की ओर से जरूरी कोशिश की जा रही है।

विद्युत कंपनी के द्वारा कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के लिए अपने विभागीय आवासीय परिसर में कर्मचारी कल्याण केंद्र जूनियर क्लब बनाया गया है। इसी के नजदीक सुबह यह घटना हुई। बताया गया कि इस क्षेत्र में लोड मेंटेन करने के लिए ट्रांसफार्मर लगाया गया है जो पर्याप्त क्षमता का है। रात्रि से यहां पर एक-दो प्वाइंट में स्पार्किंग हो रही थी लेकिन इसका स्तर न्यूनतम था इसलिए लोगों ने ध्यान नहीं दिया। लंबे समय तक यह सिलसिला चलने के बाद सुबह यहां शार्ट सर्किट हो गया और इसी के साथ आग लग गई। ट्रांसफार्मर और इसके आसपास में मौजूद केबल आग की चपेट में आने से स्वाहा हो गया। दूसरी ओर इस घटना के परिणामत: सीएसईबी कालोनी के एक बड़े हिस्से में बिजली सप्लाई बाधित हो गई। इससे पहले आगजनी की जानकारी लोगों की ओर से दिए जाने पर अग्निशमन की टीम यहां पहुंची और आग को फैलने से रोकने के लिए जरूरी जतन किया।



### पर्याप्त अग्निशमन वाहन उपलब्ध है जिले में

अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर कोरबा जिले में पर्याप्त अग्निशमन वाहन की उपलब्धता है। जिला अग्निशमन विभाग के साथ-साथ एनटीपीसी, बालको, आईओसी, एसईसीएल के सभी क्षेत्रों के अलावा विद्युत उत्पादन कंपनी की दो परियोजनाओं में अग्निशमन वाहन मौजूद हैं। तुलनात्मक रूप से दूसरे जिलों की तुलना में यह संख्या कहीं ज्यादा है। इसके माध्यम से औद्योगिक संयंत्रों के अलावा विभिन्न रिहायशी और कृषि क्षेत्रों में आग लगने की स्थिति में नियंत्रण किया जाना संभव हो रहा है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि डॉयल 112 के माध्यम से प्राप्त होने वाली सूचना के कुछ ही मिनट के भीतर हम अपनी टीम को मौके के लिए रवाना कर देते हैं।

## करंट की चपेट में आने से कॉलेज छात्र की मौत



**कोरबा।** पिछली रात्रि हुई घटना में करंट के संपर्क में आने से युवक की मौत हो गई। वह कोरबा के केएन कॉलेज का नियमित छात्र था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मृतक का नाम जितेश मधुकर बताया गया है। जिसके साथ यह घटना रात्रि 11 बजे अपने घर पर हुई। कोतवाली पुलिस थानांतर्गत आने वाले निगम के वार्ड क्रमांक 9 सीतामणी के विकास नगर में मधुकर अपने परिवार के साथ रहता था। रात्रि को तकनीकी अवरोध आने पर उसका सुधार किया जा रहा था। इसी दरम्यान असावधानीवश युवक करंट के संपर्क में आ गया। झटके खाने के साथ वह छटपटाते हुए मौके पर गिर पड़ा। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने जरूरी खानापूर्ति की। मृत छात्र की मौत को संदिग्ध मानते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गर्मी के मौसम में शार्टसर्किट के अलावा खुली हुई वायरिंग के कारण कई बार हादसे हो जाते हैं। बिजली कंपनी ने लोगों को इस बारे में सचेत किया है ताकि वे अनहोनी से बच सके।

### बालीवॉल का समर कैंप लगा

**कोरबा।** जिला बालीवॉल संघ के द्वारा एसईसीएल जेपी कालोनी मैदान में बालीवॉल का समर कैंप लगााया जा रहा है। जिसमें भारी संख्या में बच्चे शामिल हो रहे है। बालीवॉल संघ के जिलाध्यक्ष नवीन पटेल व सचिव सुशील गर्ग ने बताया कि यह कैंप 10 मई से शुरू हुआ है। जो 15 जून तक चलेगा बच्चों को प्रशिक्षण देने का कार्य खिलाड़ी सियाराम बंजारे,सुनील सिंह, गौरव गर्ग के द्वारा किया जा रहा है इस कैंप को लगाने में जिलजा प्रशासन का भी सहयोग मिल रहा है।

## चालक को आई झपकी, ट्रेलर गिरा नाले में

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा माइंस जाने निकला एक ट्रेलर लक्ष्मण नाला में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि चालक और क्लीनर को चोटें नहीं आई। वहीं गाड़ी के खाली होने से मालिक को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

देर रात्रि को यह घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्रांतर्गत लक्ष्मण नाला क्षेत्र में हुई। बताया गया कि ट्रेलर संख्या सीजी-12डीएम-4515 को लेकर उसका चालक एसईसीएल की गेवरा माइंस जा रहा था। वहां से इस पर कोयला लोड कर गंतव्य को जाना था। इससे पहले ही यह वाहन हादसे का शिकार हो गया। खबर के अनुसाार लक्ष्मण नाला क्षेत्र से गुजरने के दौरान चालक को एकाएक झपकी आ गई। इससे वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। रेलिंग विहिन नाले में वाहन जा गिरा। इससे पहले कि चालक खुद को संभाल पाता, देर हो चुकी थी। हालांकि घटना में चालक और उसके क्लीनर को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। घटना की जानकारी रात में ट्रेलर मालिक को दे दी गई थी।

आज सुबह पुलिस ने इस क्षेत्र का जायजा लिया। इसके बाद आवश्यक संसाधन की व्यवस्था कर नाले में गिरे ट्रेलर को उठाने की कार्यवाही की गई। इससे पहले भी इस क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं हुई हैं जिनकी बड़ी कीमती चुकानी पड़ी।



## तेंदुआ शिकार मामले को डॉग स्क्वायड की मदद से सुलझाने में जुटे वन विभाग के अफसर

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत चैतमा वन परिक्षेत्र में तेंदुए के शिकार संबंधी सनसनीखेज मामले को वन विभाग के अफसर डॉग स्क्वायड की मदद से सुलझाने में जुट गए हैं। अफसरों के मुताबिक इस मामले में कुछ अहम सुराग भी मिले हैं। जिसके सहारे तस्करों की गिरफ्तारी आज शाम तक होने की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तेंदुए को जहर देकर मारने की भी पुष्टि हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट के कक्ष क्रमांक 25 में बुधवार को एक तेंदुए की लाश मिली थी। जिसके दांत, खाल, नाखून सहित कई अंग गायब थे। जिससे तेंदुए के अंगों की तस्करी की संभावना जताई जा रही थी। चूंकि मामला गंभीर था इसलिए सूचना मिलते ही बिलासपुर सीसीएफ प्रभात मिश्रा, कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत सहित आला अफसर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। इसके लिए डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। जांच के दौरान वन अफसरों को सुराग मिले हैं। जिसमें स्थानीय लोगों के मामले में शामिल होने की बात सामने आने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की तैयारी में टीम जुट गई है।



## सरहद पर डटे हाथियों ने किया गीतकुंवारी में फसल चौपट

### वन अमला जुटा नुकसानी के आंकलन में



**कोरबा।** कोरबा व धरमजयगढ़ वन मंडल की सरहद पर 2 दर्जन हाथी विगत 2 दिनों से डंटे हुए हे। इन हाथियों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए कुदमुरा रेंज के गीतकुंवारी में 11 ग्रामीणों को खेत पर लगे धान की रबी फसल को चौपट कर दिया ।जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आकलन करने में जुट गया एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के ताजा उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रूपए की चपत लगी है। हालाकि वास्तविक स्थिति सर्वे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। ज्ञात रहे कोरबा वन मंडल के कुदमुरा क्षेत्र में हाथियों का उत्पात पिछले कई दिनों से जारी है। हाथी यहां के जंगल में लगातार मौजुद रहकर ग्रामीणों की मेंहनत पर पानी फर रहे है पहले दिन ग्रामीणों की धान की फसल पक कर तैयार दिखती है। अगले दिन खेतो में जाने पर ग्रामीणों को रवह रौंदा हुआ व चौपट मिलता है। हाथियों के लगातार उत्पात जारी रहने से ग्रामीण दहशत में है उधर कटघोरा वन मंडल के केंदई व एतमा नगर वन परिक्षेत्र को हाथियों ने अपना बसेरा बना लिया है। यहां 4 दर्जन से अधिक की संख्या में हाथी मौजुद है। जिसमें से 13 हाथ्सी केंदई रेंज के कापानवापारा तथा 4 लालपुर में सक्रिय है। जबकि 32 हाथी एतमा के नगर के जंगलों में विचरण रत है। राहत की बात है कि बड़ी संख्या में हाथियों की मौजुदगी के बावजूद कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचा रहे है।

## कोलफील्ड्स में शुरू हुआ स्थानीय और बाहरी को लेकर संघर्ष

**कोरबा।** जिले के कोलफील्ड् में आने वाले दिन प्रशासन और पुलिस के लिए चुनौती भरे हो सकते हैं। वजह है स्थानीय और बाहरी को लेकर शुरू हुआ संघर्ष। पिछले दो दिन से इस प्रकार के मामले यहां-वहां पेश आए हैं।

एसईसीएल के कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा और दीपका विस्तार क्षेत्र के अंतर्गत संचालित होने वाले खदानों में सरकार के नियम के अंतर्गत ग्लोबल टेंडर के आधार पर आउट सोर्सिंग पर काम दिए गए हैं। पात्रता के आधार पर दूसरे राज्यों की कंपनियां इसमें सफल रहे। वे अपने हिसाब से वाहन चालकों को लेकर श्रमिकों को नियोजित करने के साथ काम ले रही है। इनमें ओड़िसा, दिल्ली, राजस्थान व अन्य राज्यों की कंपनियां शामिल हैं जिन्हें कोलफील्ड्स में काम मिले हैं। इन कंपनियों के पास रोजगार के मसले को लेकर पिछले दो दिन में नीलकंठम और रूंगटा के समक्ष परेशानियां हुईं। इस दौरान मौके पर काम करने वाले लोगों से जानकारी जुटाते हुए उन्हें धमकाना भी शुरू कर दिया गया। इस प्रकार के वीडियो अब वायरल हो रहे हैं। पूरा प्रकरण स्थानीय और बाहरी को लेकर सामने आया है। याद रहे पब्लिक सेक्टर में आउट सोर्सिंग से संबंधित कार्यों में रोजगार नियोजन की स्थिति श्रम मंत्री की ओर से मांगी गई है। इसके साथ ही एसईसीएल के साथ जिन लोगों का पंगा लंबे समय से चल रहा है उन्हें बैठे-बैठे हथियार मिल गया है। वे इसी की आड़ लेकर दबाव को तेज करने में लगे हैं।

### आम और बेल के जूस की बढ़ी मांग



**कोरबा।** गर्मी के मौसम में राहत के लिए लोग कई विकल्प अपनाने को तैयार हैं। घर पर तैयार करने के साथ बाजार में मिलने वाली चीज को भी लोग उपयोग में ले रहे हैं। इन दिनों आम और बेल के जूस की नगर सहित आसपास में काफी मांग है। कारण बताया जा रहा है कि शरीर को ठंडा रखने की क्षमता इनमें होती है। इसलिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से लोग इसकी तरफ रूचि दिखा रहे हैं।

## वकील को धमकाया थानेदार ने, एसपी से हुई शिकायत

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना प्रभारी पर एक अधिवक्ता को कथित रूप से धमकाने का आरोप लगा है। पीड़ित ने इस बारे में पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। छत्तीसगढ़ बार काउंसिल के अध्यक्ष को भी इस बारे में अवगत कराया गया है।

पीड़ित अधिवक्ता प्रमोद सोनी के द्वारा शिकायत में कहा गया है कि थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने उससे दुर्व्यवहार करने के साथ जेल भेजने की धमकी दी। अधिवक्ता संघ कटघोरा ने प्राप्त शिकायत के आधार पर एसपी को इस बारे में जानकारी दी और थाना प्रभारी पर उचित कार्रवाई करने की मांग की। पत्र में कहा गया कि रामलाल चौहान बनाम हेतराम साहू प्रकरण में कब्जा दिलाने की कार्रवाई न्यायालय के आदेश से होना है। अदालत के आदेश की अवहेलना करते हुए संबंधित प्रकरण में अधिवक्ता के द्वारा किये गए काम को अवैध मानते हुए थाना प्रभारी ने फोन पर अभद्रता की और प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी। अधिवक्ता संघ कटघोरा ने इसकी निंदा की और थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने के लिए अनुशंसा की है। इस विषय को लेकर थाना प्रभारी का पक्ष जानने संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसिव नहीं किया।

## अस्पताल कर्मियों को भयभीत किया रेट स्नैक ने

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के कोरबा स्थित में अस्पताल के कर्मचारियों को रेट स्नैक ने काफी डराया।

कर्मचारियों की नजर स्टोर रूम में टेबल के नीचे पड़ी जहां पर 5 फीट का रेट स्नैक मौजूद था। उसे देखते ही कर्मचारी सकते में आ गए। समस्या का हल निकालने के लिए उन्होंने कोरबा की एक संस्था को अवगत कराया कुछ देर के बाद अविनाश यादव और उनके दो सहयोगी यहां पहुंचे। इसके बाद सर्प को रेस्क्यू कर लिया गया। कर्मचारियों को इसके व्यवहार और दुष्प्रभाव के बारे में जरूरी जानकारी दी गई।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए बालको कर रहा काम

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सामुदायिक विकास पहल के अंतर्गत समुदाय में सुरक्षा की संस्कृति के विकास को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल किये है। कंपनी पूरे साल क्षेत्रों में विभिन्न सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजन करने के लिए कटिबद्ध है। ये सभी प्रशिक्षण सत्र रोड, फायर और होम सेफ्टी पर केंद्रित हैं। सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कंपनी नें समुदाय के 10 प्रमुख क्षेत्रों में 35 यातायात संकेतक स्थापित किए हैं। इस पहल से समुदाय के 4000 सदस्यों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा मिला है।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024 में सफलतापूर्वक 70 से अधिक सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये। विभिन्न सत्रों, क्विज़, स्लोगन, पोस्टर मेकिंग के माध्यम से कंपनी ने स्कूली बच्चों सहित समुदाय के 2000 लोगों को सुरक्षा प्रशिक्षण दिया है और जिसमें वेदांता स्किल स्कूल के छात्र भी शामिल है। कंपनी ने 16 मास्टर ट्रेनर विकसित किए हैं जो समुदाय के भीतर बालको के शून्य क्षति संस्कृति को आगे बढ़ाएंगे। ये सभी ट्रेनर समाज में सक्रिय रहकर सुरक्षा सत्र, सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम और सुरक्षा संस्कृति के महत्व के प्रति समुदाय को जागरूक किया है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालको युवाओं के अंदर सुरक्षा संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बालको एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दिया है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न पहल का आयोजित किया गया है। सड़क सुरक्षा के प्रति ट्रक ड्राईवर सहित समुदाय में जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सड़क सुरक्षा कैलेंडर लॉन्च किया था। सुरक्षा कैलेंडर की मदद से रक्षात्मक ड्राइविंग की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। कंपनी ने साईकिल से स्कूल जाने वाले 120 विद्यार्थियों को हेलमेट प्रदान कर उन्हें सुरक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। सर्वमंगला मंदिर के डायवर्सन से रिंग रोड पर भारी वाहनों के बढ़े दबाव को देखते हुए कंपनी ने रिश्दी से ध्यानचंद चौक तक की सड़क के जिर्णोद्धार सहित रिश्दी से रुमगढ़ा तक जगह-जगह पर चौड़ीकरण का किया गया। वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने 6 किमी तक थर्मोप्लास्टिक मार्किंग सहित विभिन्न मार्गों पर 12 स्पीड ब्रेकर, कई जेब्रा क्रॉसिंग और 40 रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड तैनात किया है।

कंपनी ने आग से बचाव के उपाय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किये। बालको की अग्नि सुरक्षा टीम सभी आपातकालीन परिस्थितियों में समुदाय के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। वित्त वर्ष 2024 में अग्निशमन विभाग ने 200 से अधिक आपात स्थितियों का जवाब दिया है। प्रशिक्षण में आपातकालीन प्रतिक्रिया में तेजी को बढ़ाने के लिए अग्निशामक यंत्र के उपयोग, सीपीआर तकनीक और आग रोकथाम प्रोटोकॉल पर निर्देश शामिल थे। कंपनी निरंतर जागरूकता और शैक्षिक पहल के माध्यम से समुदाय के भीतर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com